दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली।। शुक्रवार 05 अप्रैल -2024 | ● वर्ष : 8 अंक : 175 पेज-08 | ● RNI NO. DELHI/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## नामांकन प्रक्रिया हुई पूरी, 35 प्रत्याशियों ने भरे पर्चे

### नामांकन के आखिरी दिन 22 प्रत्याशी पहुंचे कलेक्ट्रेट

गाजियाबाद , करंट क्राइम । 28 मार्च से शुरू हुई नामांकन की प्रक्रिया 4 अप्रैल को पूरी हो गई। नामांकन की प्रक्रिया के दौरान गाजियाबाद से कुल 35 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन 22 निर्दलीय प्रत्याशियों सहित क्षेत्रीय दलों के चेहरों ने नामांकन किया है। वहीं जिनके प्रपत्र अधूरे वह कागज जमा करवाने के लिए भी पहुंचे थे। मुख्य रिटर्निंग ऑफिसर इन्द्र विक्रम सिंह ने जानकारी दी है कि शुक्रवार 5 अप्रैल को जमा पर्चों की स्कूटनी की जाएगी, तो वहीं 8 अप्रैल को नाम वापसी का अंतिम दिन रहेगा।

### अंतिम दिन इन्होंने जमा किए पर्चे



करंट क्राइम। अंतिम दिन पर्चे और अपने प्रपत्र जमा कराने वालों में अमन निर्दलीय, कविता पुंडीर, राम प्रसाद पांडे, मोनिका राष्ट्रीय सुरक्षा दल, अभिषेक पुंडीर, ललित त्यागी सनातन संस्कृति रक्षा दल, औरंगजेब, कौशल अखिलेश कुमार, वीरेंद्र कुमार पब्लिक पॉलीटिकल पार्टी, नमह समाज विकास क्रांति पार्टी, कुलभूषण त्यागी सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी, जगदीश कुमार भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, सोनी निर्दलीय, हरिश्चंद्र राष्ट्रीय समाज पक्ष, मोहम्मद आलम नेशनल जनदल, शमशेर अली निर्दलीय, त्रिवेदी शर्मा नागरिक चेतना पार्टी, आनंद कुमार राष्ट्रीय निर्माण पार्टी, शमशेर राणा निर्दलीय, अमित गुप्ता भारतीय महासंघ पार्टी, उदय सिंह भारतीय जवान किसान पार्टी ने नामांकन करने के साथ अपने अधूरे प्रपत्र जमा करने का काम किया।

# सड़क के बीचोंबीच चलेगा प्रधानमंत्री का काफिला जनता करेगी फूलों की बरसात



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो को लेकर पूरी तैयारियां चल रहीं हैं। प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए उनका वाहन तैयार है। प्रधानमंत्री जिस रूट से गुजरेंगे उस रूट को सुरक्षा बल लगातार वॉच कर रहे हैं। लगातार बैठकें चल रही हैं। दिशा निर्देश दिये जा रहे हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि प्रधानमंत्री के रोड शो को सफल और सुरक्षित दोनों ही तरीके से साधा जा रहा है। प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर भाजपा कार्यकताओं में बेहद उत्साह है। जनता भी अपने प्रधानमंत्री को देखना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 अप्रैल को गाजियाबाद आ रहे हैं। उनका रोड शो मालीवाड़ा चौक से शुरू होकर चौधरी मोड़ पर समाप्त होगा। इसके लिए भाजपा संगठन ने पूरी तैयारी की है। लगभग एक लाख कार्यकर्ता इस रूट पर मौजूद रहेंगे। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा एजेंसियों ने जमीन से लेकर आसमान तक अपने मानकों के अनुरूप जाल बिछा दिया है। सबसे खास बात ये है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब रोड शो करेंगे तो सड़क पर उनके साथ भीड़ नहीं चलेगी। सड़क पर जनता का कोई काफिला नहीं चलेगा। हालांकि सड़क के दोनों तरफ जनता रहेगी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सभी का अभिवादन भी स्वीकार करेंगे।

### मालीवाड़ा चौक से चौधरी मोड़ तक 31 बाक्स में रहेंगे लोग मौजूद

करंट क्राइम। भाजपा संगठन की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो के लिए एक लाख कार्यकताओं का टारगेट रखा गया है। इस टारगेट में विभिन्न राज्यों के लोग, व्यापार मंडल के लोग, दिव्यांगजन एवं अन्य वर्गों के लोग रहेंगे। भीड़ सड़क पर ना आये इसका विशेष ध्यान रखा गया है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा की दृष्टि से ऐसा किया गया है। सूत्र बताते हैं कि मालीवाड़ा चौक से चौधरी मोड़ तक पूरे रूट पर 31 बाक्स बनाये जायेंगे। एक बाक्स में दो हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था है। अलग-अलग स्थानों पर ये बाक्स बनेंगे और इसके अलावा कई स्थानों पर स्वागत का भी कार्यक्रम है।

### सांसद प्रत्याशी अतुल गर्ग के सभी प्रोग्राम कैंसिल, वो करेंगे जनता से अपील



करंट क्राइम। भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार और शहर विधायक अतुल गर्ग के सभी चुनावी कार्यक्रम निरस्त कर दिये गये हैं। वह केवल रोड शो से सम्बन्धित कार्यक्रम ही देखेंगे। बताया जाता है कि लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग व्यापारियों के बीच रहेंगे। इसके अलावा वो रोड शो वाले क्षेत्र में आस-पास की कॉलोनियों में लोगों के बीच जायेंगे। वो लोगों से अपील करेंगे कि सभी वर्गों के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो अपनी भागीदारी करें। वो आस पास की कॉलोनियों में जाकर वहां रहने वाले लोगों से प्रार्थना करेंगे आपको प्रधानमंत्री के रोड शो में आना है।

### विधायकों को मिला है पांच सौ बसों में जनता को रोड शो में लाने का टारगेट



करंट क्राइम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 अप्रैल को गाजियाबाद में भाजपा उम्मीदवार अतुल गर्ग के समर्थन में रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री के रोड शो को सफल बनाने के लिए भाजपा संगठन और जनप्रतिनिधि दिन-रात तैयारी कर रहे हैं। लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। बताया जाता है कि क्षेत्र के विधायकों को पांच सौ बसों का टारगेट दिया गया है। इसके अलावा मेयर व एमएलसी को भी टारगेट मिले हैं। संगठन के अलग-अलग पदाधिकारियों, मोर्चा पदाधिकारियों को टारगेट मिला है।




### कुछ ऐसा रहेगा सीन फूल बरसायेंगे मानव से लेकर मशीन



करंट क्राइम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब गाजियाबाद में अपने रथ पर सवार होकर रोड शो के पथ पर चलेंगे तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर फूलों की वर्षा होगी। इसके लिए तैयारी की गई है। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री के काफिले पर पुष्प वर्षा करने के लिए मानव और मशीन दोनों ही रहेंगे। कुछ स्थानों पर मशीन लगायी गई है जो लगातार पुष्प वर्षा करेगी और कुछ स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ता और जनता के लोग अपने प्रधानमंत्री पर पुष्प वर्षा करेंगे। जहां से रोड शो शुरू होगा और जहां पर रोड शो समाप्त होगा, उस पूरे रास्तें में पुष्प वर्षा होती रहेगी। इसके लिए स्थान चिन्हित किये गये हैं और मानव से लेकर मशीन तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पुष्प वर्षा करेंगे।

### जब खत्म होगा रोड शो तो विदाई पर होगा भव्य स्वागत

करंट क्राइम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आयें और उनका स्वागत ना हो, कार्यकर्ता उनसे ना मिले ऐसा नहीं हो सकता। 6 अप्रैल को भी जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मालीवाड़ा चौक से रोड शो शुरू कर चौधरी मोड़ पर पहुंचेगें तो रोड शो की समाप्ति पर उनका भव्य स्वागत होगा। बताते हैं कि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत करेंगे। इस पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा सुरक्षा व्यवस्था के हिसाब से तैयार कर ली गई है। यहीं पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत कार्यकता करेंगे।

### प्रधानमंत्री को लेकर है क्रेज, संबोधन के लिए बन रहा है स्टेज

करंट क्राइम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विशेष रूप से चुनाव प्रचार के लिए गाजियाबाद आ रहे हैं। यहां उनका रोड शो का कार्यक्रम रखा गया है। भाजपा कार्यकताओं के अलावा आम जनता में भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर गजब का क्रेज है। व्यापार मंडलों से लेकर आम जनता के लोग अपने प्रधानमंत्री को सुनना चाहते है, देखना चाहते हैं। हालांकि प्रधानमंत्री का रोड शो का कार्यक्रम रखा गया है। लेकिन प्रधानमंत्री यदि जनता को सम्बोधित करना चाहें तो इसके लिए स्टेज भी बन रहा है। 30 बाई 30 का स्टेट तैयार हो रहा है। उम्मीद यही जताई जा रही है कि प्रधानमंत्री जनता को इस स्टेज से सम्बोधित भी कर सकते हैं। बहरहाल अभी यह फाईनल नहीं है लेकिन स्टेज तैयार हो रहा है।

### पीएम मोदी के रोड शो को लेकर पुलिस ने जारी की सुरक्षा एडवाइजरी, धारा- 144 भी रहेगी लागू



**आठ थानाक्षेत्रों को नो ड्रोन जोन में किया गया घोषित**
**सुरक्षा का ट्रिपल लेयर रहेगा घेरा**

गाजियाबाद, करंट क्राइम । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 अप्रैल को गाजियाबाद में रोड शो करने के लिए आ रहे हैं। प्रधानमंत्री के लोकसभा चुनाव का पहला रोड शो है इसमें सुरक्षा की कोई कोर कसर न रह जाए, इसके लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तीन दिनों के लिए धारा-144 को अतिरिक्त प्रभारी बनाया है। इसके साथ ही पीएम मोदी के कार्यक्रम के दौरान ड्रोन, पैराग्लाइडिंग, हॉट बैलून और ड्रोन वीडियोग्राफी पर पूरी तरीके से रोक लगा दी गई है। इसके अतिरिक्त पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो के दृष्टिगत थानाक्षेत्र कोतवाली, नंदग्राम, सिहानी गेट, साहिबाबाद, लिंक रोड, टीलामोड़, इंदिरापुरम और कौशांबी को नो ड्रोन जोन घोषित कर दिया गया है। साथ ही इस रेड जोन भी माना जाएगा। यहां पर किसी भी प्रकार की हवाई गतिविधि भी नहीं होने दी जाएगी। पुलिस कमिश्नरेट के एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने का है कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर अतिरिक्त पुलिस फोर्स के साथ ही केंद्रीय रिजर्व बल और खुफिया विभाग के दस्ते तैनात कर दिए गए हैं।

### भगवा रंग की विशेष ओपन गाड़ी में सवार होंगे पीएम, साथ में रहेंगे सीएम योगी और अतुल गर्ग



करंट क्राइम : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 अप्रैल को शाम करीब 4 बजे के बाद मालीवाड़ा चौक से लेकर चौधरी मोड़ तक रोड शो करेंगे। रोड शो में इस्तेमाल होने के लिए विशेष भगवा कलर की गाड़ी गाजियाबाद पहुंच गई है। गुरुवार को पुलिस लाइन में इस गाड़ी की सुरक्षा जांच प्रधानमंत्री की सुरक्षा करने वाली विशेष टीम ने की है। साथ ही इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग मुख्य रूप से सवार होंगे। साथ ही आधा दर्जन से अधिक एसपीजी के जवान और कमांडो की इसमें विशेष तैनाती की जाएगी। इस खास भगवा रंग की गाड़ी का इस्तेमाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कई रैलियां में किया जा चुका है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि इस विशेष गाड़ी का चालक भी एसपीजी सुरक्षा घेरे में तैनात रहने वाला पुलिसकर्मी ही रहेगा।

### रोड शो के मार्ग पर हर मकान पर रहेगी पुलिस और सुरक्षा बल की तैनाती



करंट क्राइम। एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने बताया है कि चौधरी मोड़ और मालीवाड़ा के बीच में जितने भी मकान हैं, उसपर पुलिसकर्मी और सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। साथ ही किसी भी व्यक्ति को इस दिन मार्ग पर एक बजे से लेकर रोड शो समाप्त होने तक वाहन लेकर आने की अनुमति प्रदान नहीं की गई है। सुरक्षा के लिहाज से हर पांच मीटर की दूरी पर तीन पुलिसकर्मी और सुरक्षा बल के अधिकारी तैनात रहेंगे।

### कई जिलों की फोर्स और खुफिया दस्ते ने गाजियाबाद में डाला डेरा

करंट क्राइम : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो और उसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी शामिल होने के कार्यक्रम फाइनल होने के बाद गाजियाबाद जिले में कई जिलों की फोर्स और खुफिया विभाग के अधिकारियों ने डेरा डाल लिया है। रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, नमो भारत ट्रेन के साथ ही हिंडन एयरपोर्ट और कार्यक्रम स्थल वाले आसपास के बाजारों में उनकी तैनाती दे दी गई है। बड़ी संख्या में बाहर से आए अधिकारियों को गाजियाबाद के होटल, सरकारी विभागों के गेस्ट हाउस और पुलिस बल को अलग-अलग स्कूलों में रुकवाया गया है।

### रोड शो के लिए बनाए गए 10 पार्किंग स्थल और रूट रहेगा एक बजे से लेकर रात तक डायवर्ट

करंट क्राइम : प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर गाजियाबाद में पुलिस की ओर से दो पहिया, चार पहिया और बड़े वाहनों की पार्किंग के लिए कुल मिलाकर 10 पार्किंग स्थल अलग-अलग स्थान पर बनाए गए हैं। जहां दो पहिया और चार पहिया वाहनों को खड़ा करवाया जा सके। इसी के साथ रोड शो के अंबेडकर रोड पर मालीवाड़ा से चौधरी मोड़ तक के रूट पर दोपहर करीब एक बजे से भारी और व्यावसायिक वाहनों पर रोक लगा दी जाएगी। इसके साथ ही तीन बजे से ई रिक्शा, ऑटो रिक्शा और निजी और दोपहिया के साथ ही चौरपहिया वाहन भी दोपहर से इस मार्ग पर एंट्री नहीं ले पाएंगे। यह जानकारी अपर पुलिस उपायुक्त यातायात वीरेंद्र सिंह द्वारा प्रेसनोट जारी करके सोशल मीडिया और आमजन तक को दे दी गई है।

# बागपत के लोकसभा चुनाव में अमरपाल शर्मा की एन्ट्री से बदल गया समीकरण

## गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद अमरपाल शर्मा ने किया सब वर्ग के सहयोग से जीत का दावा



बागपत (करंट क्राइम)। गाजियाबाद के पड़ोस वाले जिले की लोकसभा में इस बार चुनाव काफी रोचक होने जा रहा है। ये लोकसभा सीट बागपत जिले की है और यहां पर सपा ने अपने खिलाड़ी को बदलकर पूरा गेम ही बदल दिया है। बागपत के चुनावी मैदान में भाजपा गठबंधन में है और यहां से रालोद के टिकट पर राजकुमार सांगवान चुनाव लड़ रहे हैं। यहां पर सपा कांग्रेस गठबंधन से पहले मनोज चौधरी को टिकट मिला था। लेकिन यहां सपा ने पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा को मैदान में उतारा है। अमरपाल शर्मा के मैदान में आने के बाद अब इस चुनाव का पूरा समीकरण बदल गया है। अमरपाल शर्मा चुनावी खिलाड़ी हैं और वो जानते हैं कि इस रण में कैसे लड़ा जाता है। यहां पर चुनावी समीकरण उन्हें मजबूत बना रहा है। यहां वो मुस्लिम वोटों के साथ-साथ अपनी बिरादरी एवं अन्य बिरादरियों के वोटों में भी मजबूती से सेंध लगायेंगे। उनके सामने रालोद के डॉक्टर राजकुमार सांगवान हैं। राजकुमार सांगवान पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं और यहां पर सबसे खास बात ये रहेगी कि जिसे भी सभी बिरादरी से वोट मिलेंगे वही उम्मीदवार चुनाव जीतेगा। अमरपाल शर्मा के लिए ये क्षेत्र नया नहीं है और यहां उन्हें अपनी बिरादरी के साथ-साथ अन्य बिरादरियों का भी सहयोग मिल सकता है। चुनाव के वो पुराने महारथी हैं और मुकाबले को रोचक बनाने की क्षमता रखते हैं। बीते दिनों अमरपाल शर्मा का उनके समाज के लोगों ने लोनी में कई स्थानों पर अभिनंदन किया था। ये वही बिरादरी है जिसके रिश्तेदारी कनैक्शन बागपत में भी है। सपा और कांग्रेस दोनों के वोट बैंक का भी लाभ मिलेगा। जैसे जैसे चुनावी मुकाबला आगे बढ़ेगा ये रण रोचक होता चला जायेगा।

### जब 52 शिवलिंग पर नामांकन पत्र किया अर्पित और फिर पहुंचे कलैक्ट्रेट



करंट क्राइम। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा राम भक्त भी हैं और शिव भक्त भी हैं। अयोध्या में जब 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का भव्य कार्यक्रम हुआ तो पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने कई टन भंडारा सामग्री का वितरण इस पावन अवसर पर कराया था। अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होने पर भंडारा करवाया था। वो शिव भक्त भी हैं और जब गुरूवार को भी वो नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए बागपत पहुंचे तो सबसे पहले वो पूरा महादेव मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने अपने नामांकन पत्र को पुरा महादेव के पावन शिवलिंग पर अर्पित किया। महादेव भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया और फिर उन्होंने बागपत कलैक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन पत्र दाखिल किया। सुबह 11.30 बजे इन्होंने नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ समाजवादी और कांग्रेस पार्टी के कई नेता मौजूद थे।





### सबसे बड़ी विधानसभा के सबसे बड़े खिलाड़ी माने जाते हैं अमरपाल शर्मा

करंट क्राइम। अमरपाल शर्मा राजनीति के पुराने खिलाड़ी हैं। वो कई चुनाव लड़ चुके हैं और उनके नाम देश की सबसे बड़ी विधानसभा के सबसे पहले विधायक होने का रिकार्ड है। वो बसपा से चुनाव जीतकर यहां विधायक बने थे। उनके नाम बेस्ट विधायक का भी अवार्ड है और लोकसभा का चुनाव वो पहले भी लड़ चुके हैं। सबसे बड़ी विधानसभा के सबसे बड़े खिलाड़ी रहे हैं। इलैक्शन के कैलकुलेशन के मास्टर माने जाते हैं। रिस्क फैक्टर के साथ चुनाव लड़ना जानते हैं और अमरपाल शर्मा राजनीति के उन चेहरों में है जो केवल सियासी चोला धारण नहीं करते हैं बल्कि वो सियासत को अपने भीतर जीते हैं। हालही में उन्होंने लहर के बीच ये दिखाया है कि उन्हें सबसे बड़ा खिलाड़ी क्यों माना जाता है। खोड़ा नगर पालिका अध्यक्ष पद पर अपनी पत्नि मोहिनी शर्मा को जीत दर्ज कराने में सफल रहे हैं यहां उन्होंने भाजपा को हराया है और भगवागढ़ में भाजपा को हराकर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की है।



### बागपत में अमरपाल शर्मा के आने से चुनाव हो गया रोचक

करंट क्राइम। अगर सियासत के गणित से देखें तो अब बागपत का लोकसभा चुनाव रोचक मोड में आ गया है। पहले यहां दोनों जाट उम्मीदवार थे और अब अमरपाल शर्मा की एन्ट्री के बाद चुनाव फाईट मोड में है। उसकी वजह ये है कि अमरपाल शर्मा चुनाव के खिलाड़ी है और एक ऐसा चेहरा हैं जो अपनी ताकत से भाजपा के गढ़ में भाजपा को हराकर साबित कर चुके हैं। चुनावी तस्वीर बाद में स्पष्ट होगी लेकिन समीकरण संकेत दे रहे हैं कि मुकाबला रोचक होने जा रहा है। बागपत की सीट वैसे भी चौकाने वाले परिणाम देने के लिए जानी जाती है। अमरपाल शर्मा पहले ही कह चुके हैं कि वो भाईचारे का संदेश और 36 बिरादरी के सहयोग से चुनाव मैदान में हैं। कई बार परिणाम उम्मीद के विपरीत

# मेरठ से अरुण गोविल की रिकार्ड मतों से होगी जीत : नरेंद्र कश्यप

## ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मंत्री नरेंद्र कश्यप ने किया जनसंपर्क





**मेरठ,करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने जनपद मेरठ में आईआईएमटी में ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित विधानसभा स्तरीय सामाजिक सम्मेलन में वरिष्ठ अतिथि के रूप में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई और भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अरुण गोविल के पक्ष में रिकार्ड मतों से जीत दिलाने के लिए चर्चा की। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि मेरठ लोकसभा सीट से अरुण गोविल रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर हैट्रिक लगाएंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने चुनावी मेनिफेस्टो में जो वादे किए थे, उनको पार्टी ने हर हाल में पूरा करने का काम किया है। जनता का विश्वास और साथ जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी के साथ बना हुआ है उसका परिणाम आने वाले लोकसभा चुनाव में साफ नजर आएगा।

### भाजपा पार करेगी 400 का आंकड़ा : नरेंद्र कश्यप

**करंट क्राइम।** प्रदेश के मंत्री नरेंद्र कश्यप ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से कहा कि भारतीय जनता पार्टी के जादुई 400 के आंकड़े को पार करने के लिए सभी को भरपूर मेहनत करनी है। पार्टी के पक्ष में वोट करने के साथ ही मतदान वाले दिन मतदाताओं को घर से निकालने का काम करना है। इस कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ. के लक्ष्मण भी उपस्थित रहे।

### जनता को पता है किसको और क्यों चुनना है

**करंट क्राइम।** स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी ने विकास का नारा दिया, तो उस नारे को पूरा करने का काम भी किया है। आज से पहले एक्सप्रेस -वे और नेशनल हाईवे की जो स्थिति होती थी वह पूरी तरह बदल चुकी है। सरकार ने जिस गति से विकास कार्य कराए हैं ऐसे उत्तर प्रदेश और केंद्र की सरकार द्वारा पहले नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश और देश की जनता जानती है कि उसको आगामी लोकसभा चुनाव में किसको और क्यों चुनना है। भारतीय जनता पार्टी ने लोगों का विषम परिस्थितियों में साथ दिया है। जब पूरा विपक्ष घरों में आराम कर रहा था तब भाजपा के तमाम नेता सड़कों पर निकलकर लोगों की मदद को आगे आये और साथ खड़े होने का काम किया।

# पीएम मोदी का लालू पर हमला, बोले- नौकरी के नाम पर ले लेते थे गरीबों की जमीन

**पटना।** आज बिहार के 85 लाख से ज्यादा किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है। जमुई में ही किसानों को इस योजना के तहत 850 करोड़ रुपये से अधिक उनके बैंक खाते में पहुंचे हैं। यह घमंडिया गठबंधन की सरकार होती तो क्या आपके खाते में सीधे पैसे भेजने की योजना बनती क्या? यह लोग आपके पैसे लूट लेते और आपसे हस्ताक्षर करवा लेते कि पैसा मिल गया है। एक-दूसरे को जेल में बंद करने की मांग करने वाले आपको डरा रहे हैं कि मोदी आया....! भ्रष्टाचारी कान खोलकर सुन लें, यह मोदी नहीं आया। 140 करोड़ देशवासियों का गुस्सा निकल कर आया है।₹ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इन शब्दों के साथ राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी



यादव को सीधा जवाब दिया। उन्होंने कहा कि उनके समय गरीबों को नौकरी देने के नाम पर जमीन लिखवा ली जाती थी। नीतीश जी भी रेल मंत्री थे, उनपर तो कभी ऐसा दाग नहीं लगा। जिनकी पहचान अपहरण उद्योग की रही, वह सड़क नहीं बनने देते थे। वह बिहार को लालटेन युग में रखना चाहते हैं, जबकि हम नीतीश कुमार के साथ रहकर बिहार में सड़क और हाइवे बना रहे हैं।

### जंगलराज से राम मंदिर तक की बात की

प्रधानमंत्री मोदी ने बिहार में जंगलराज से लेकर राम मंदिर तक की बात की। उन्होंने कहा कि जंगलराज में बेटियां बाहर नहीं निकल पाती थीं। उठा ली जाती थीं। कुछ भी अच्छा नहीं होने दिया जाता था। अपहरण ही उद्योग था। प्रधानमंत्री ने अयोध्या के राम मंदिर की चर्चा करते हुए कहा कि राजद-कांग्रेस ने राम मंदिर को बनने से रोकने में पूरी ताकत लगा दी थी। आज भी यह लोग राम मंदिर का उपहास करते हैं। इन्होंने हर मौके पर बिहार और बिहार गौरव का अपमान किया है। यही लोग कपूर्री ठाकुर का अपमान करते थे। हमारी सरकार ने बिहार के गौरव कपूर्री ठाकुर को भारत रत्न दिया तो इन लोगों ने विरोध किया। इन्हीं लोगों ने रामनाथ कोविंद जी को राष्ट्रपति बनाने का विरोध किया।

## न्यूज डायरी

### सुप्रीम कोर्ट की शरद-अजित गुट को नसीहत, कहा- दोनों खेमों को अदालत में न होकर कहीं और होना चाहिए



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर गुरुवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के घड़ी चिह्न को लेकर सुनवाई की। इस दौरान अदालत ने कहा कि अब समय आ गया है कि दोनों गुटों (शरद-अजित पवार) के नेताओं को अदालत में न होकर कहीं और होना चाहिए। साथ ही आदेश दिया की दोनों खेमों के नेता विधानसभा और आम चुनावों के लिए प्रचार सामग्री में प्रतीकों, पार्टी के नाम और डिस्क्लेमर के उपयोग पर उसके दिशा-निर्देशों का पालन करें। दरअसल, अदालत ने 19 मार्च को निर्देश दिया था कि एनसीपी अपने सभी विज्ञापनों में यह डिस्क्लेमर जरूर दे कि घड़ी चिह्न का उपयोग एक विचाराधीन मामला है। इसी को लेकर दोनों गुटों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। दोनों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाया था कि अदालत के आदेश का अनुपालन नहीं किया गया है। इस मामले की न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की खंडपीठ सुनवाई कर रही है। शरद पवार गुट को यह आदेश दोनों पक्षों द्वारा दायर आवेदनों का निपटारा करते हुए खंडपीठ ने गुरुवार को कहा कि अब समय आ गया है कि दोनों गुटों के नेताओं को अदालत में न होकर कहीं और होना चाहिए। अदालत ने शरद पवार गुट को निर्देश दिया कि वह पार्टी कार्यकताओं को चुनाव प्रचार में 'राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार' नाम और प्रतीक चिह्न 'तुर्हा' का उपयोग करने पर जागरूक करें। इसके अलावा, वरिष्ठ नेता के नेतृत्व वाले धड़े को निर्देश दिया कि वह अपनी पार्टी के कार्यकताओं, नेताओं, पदाधिकारियों और सांसदों से चुनाव विज्ञापनों में 'घड़ी' के चिह्न का इस्तेमाल नहीं करने के लिए कहे, जो एनसीपी के अजित पवार नीत खेमे को आवंटित किया गया है। अजित पवार गुट को भी दिया निर्देश इसी तरह, पीठ ने अजित पवार गुट से अखबारों में बड़े और प्रमुख विज्ञापन जारी करने को कहा, जिसमें कहा गया हो कि उसे 'घड़ी' के चिह्न का आवंटन न्यायालय के 19 मार्च के आदेश के अनुरूप विचाराधीन है। इसके अलावा, पीठ ने अपने आदेश में संशोधन करने से इनकार कर दिया जैसा कि अजित पवार के नेतृत्व वाले ब्लॉक ने अनुरोध किया था। डिस्क्लेमर देना जरूरी न्यायालय ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार नीत पार्टी के धड़े से अंग्रेजी, हिंदी और मराठी में अखबारों में यह सार्वजनिक नोटिस जारी करने को कहा है कि ह्यघड़ीह्व चुनाव चिह्न आवंटन का मुद्दा अदालत में विचाराधीन है और इस चिह्न का उपयोग फैसले के आधार पर होगा। शीर्ष अदालत ने कहा था, 'यह डिस्क्लेमर एनसीपी राजनीतिक दल द्वारा जारी किए जाने वाले हर पर्चे, विज्ञापन, ऑडियो या वीडियो में शामिल होना चाहिए।

### 'भाजपा में कभी शामिल नहीं हो सकता, चाहे...', सिद्धारमैया का भाजपा पर निशाना



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मैसूर में कांग्रेस कार्यालय में आयोजित एससी-एसटी कार्यकर्ताओं और नेताओं की बैठक में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया शामिल हुए। इस बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वह भाजपा में कभी भी शामिल नहीं होंगे, इसके लिए भले ही पार्टी की तरफ से उन्हें राष्ट्रपति या प्रधानमंत्री पद की पेशकश क्यों न की जाए। इसी के साथ सिद्धारमैया ने लोकसभा उम्मीदवार एम. लक्ष्मण के लिए वोट की अपील की। सिद्धारमैया ने आरएसएस पर साधा निशाना सीएम सिद्धारमैया ने कहा कि राजनीतिक शक्ति तभी आती है, जब हमारे पास वैचारिक स्पष्टता हो। लोगों को भाजपा-आरएसएस के झांसे में नहीं आना चाहिए। शूद्र-दलित और महिलाओं के लिए आरएसएस में समान अवसर नहीं है। सिद्धारमैया ने कहा, देवगौड़ा, जिन्होंने कहा था किअगर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे तो वह देश छोड़ देंगे, लेकिन आज वही कह रहे हैं कि उनका पीएम मोदी के साथ अटूट रिश्ता है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा और आरएसएस सामाजिक न्याय के खिलाफ हैं। वे आरक्षण को पसंद नहीं करते हैं। आरक्षण कोई भीख नहीं है, यह उत्पीड़ित समुदायों का अधिकार है। जब तक समाज में जाति व्यवस्था मौजूद है, तब तक आरक्षण रहना चाहिए। आजादी और ब्रिटिश काल से पहले क्या शूद्रों को शिक्षा का अधिकार था? महिलाओं के पास कोई अधिकार थे? अपने पति की मृत्यु के बाद महिलाएं खुद को जिंदा जला लेती थी। मनुस्मृति से प्रभावित ऐसी कुप्रथाओं को हमारे संविधान में प्रतिबंधित किया गया था। लेकिन अब वे मनुस्मृति को वापस लाना चाहते हैं। सीएम सिद्धारमैया ने लोगों से इस बात को समझने की अपील की है।

आरएसएस में महिलाओं-दलितों को शामिल होने का अधिकार नहीं : सिद्धारमैया सिद्धारमैया ने बताया कि आरएसएस में शूद्र-दलित और महिलाओं को समान अवसर नहीं दिया जाता है। भाजपा के वरिष्ठ नेता नानजे गौड़ा और गुलिहट्टी शेखर ने खुद बताया कि उन्हें आरएसएस में विशेष तबज्जो नहीं दी जाती है। यहां केवल शूद्रों का इस्तेमाल किया जाता है। महिलाओं, शूद्रों और दलतों को आरएसएस में शामिल होने का अधिकार नहीं है। सिद्धारमैया ने पूछा, क्या हमें जेडीएस की आलोचना नहीं करनी चाहिए, जिन्होंने आरएसएस के साथ हाथ मिला लिया? कांग्रेस ने दलितों की जनसंख्या के अनुसार बजट में धन आवंटित करने का कानून पारित किया था। हमारी सरकार ने कानून बनाया कि विकास नीति का 24.1 प्रतिशत अलग रखा जाए। यह कानून भाजपा द्वारा पारित ही नहीं किया गया। यह केवल हमारी कांग्रेस सरकार ने किया।

### युवक की बाइक चोरी

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक युवक की बाजार में खरीददारी करने के दौरान बाइक चोरी हो गयी। तिबड़ा रोड निवासी जितेंद्र गोयल जब तिबड़ा रोड पर ही स्थित अनुराग ट्रेडर्स से सामान ले रहे थे, इस बीच चंद मिनटों में वाहन चोर उनकी बाइक ले उड़े। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। दूसरी ओर मोदीनगर पुलिस ने अवैध तस्करी कर ले शराब ले जा रहे एक शराब तस्कर को दबोच लिया है। पकड़ा गया शराब तस्कर कालू निवासी फरीदनगर है। पुलिस ने इसके पास से शराब की 22बोतलें बरामद की है।

# 'क्यों छिपाए जा रहे मुस्लिम लीग के झंडे' वायनाड पहुंचीं स्मृति ईरानी का राहुल पर वार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने गुरुवार को वायनाड में भाजपा उम्मीदवार और पार्टी के केरल प्रमुख के सुरेंद्रन के समर्थन में रैली करते हुए राहुल गांधी पर कटाक्ष किया। रोड शो में उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के अमेठी के लोगों को धोखा देने के बाद राहुल गांधी वायनाड में भी ऐसा ही करने की तैयारी में हैं। उनका यह बयान पूर्व कांग्रेस प्रमुख द्वारा वायनाड में एक विशाल रोड शो आयोजित करने के एक दिन बाद आया है, जहां से वह मौजूदा सांसद हैं। उन्होंने कहा कि जब (नरेंद्र) मोदी प्रधान मंत्री बने तो अमेठी में 4 लाख परिवारों को पहली बार शौचालय मिला। कांग्रेस ने वहां 50 साल तक शासन किया और मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद ही 12 लोगों को अपना घर मिला। स्मृति ईरानी ने कहा कि अब, मैंने सुना है कि वे वायनाड के लोगों को अपना परिवार कह रहे हैं। उन्होंने (कांग्रेस) परिवार के नाम पर अमेठी के लोगों को धोखा दिया और अब वे वायनाड में भी ऐसा ही करने का लक्ष्य बना रहे हैं। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने बुधवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए वायनाड से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उन्होंने अपनी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा के साथ शहर में रोड शो किया और क्षेत्र को अपना "घर" तथा लोगों को अपना "परिवार" बताया। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री, जो 2019 के आम चुनावों के दौरान अमेठी में गांधी के खिलाफ विजयी हुई थीं, ने जोर देकर कहा कि अगर गांधी को इंडियन यूनियन



मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) से शर्म आती है, तो उन्हें उनके समर्थन को सिरे से खारिज कर देना चाहिए। ईरानी ने आगे इंडिया ब्लॉक के प्रधान मंत्री पद के उम्मीदवार की पहचान पर सवाल उठाया और इस बात पर संदेह जताया कि क्या राहुल गांधी उस पद के लिए उपयुक्त विकल्प थे। ईरानी ने जोर देकर कहा कि इंडिया गुट अपने सहयोगियों के बीच आंतरिक संघर्षों के कारण टूटा हुआ था, विशेष रूप से वायनाड लोकसभा क्षेत्र के साथ-साथ राज्य भर में कांग्रेस और वाम दलों के बीच कलह को उजागर किया। इस बीच कांग्रेस पार्टी ने आगामी लोकसभा चुनाव में समर्थन को लेकर सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया (एसडीपीआई) की ओर से की गई घोषणा को सिरे से खारिज कर दिया है. विपक्ष के नेता, वीडी सतीसन और कार्यवाहक केपीसीसी अध्यक्ष एमएम हसन ने जोर देकर कहा है कि पार्टी एसडीपीआई से समर्थन नहीं मांगती है और न ही इसकी इच्छा रखती है।

# बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने क्यों मांगी माफी? बोलीं- सॉरी

**बंगाल।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को उत्तर बंगाल से लोकसभा का प्रचार शुरू करते हुए केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीति, एक देश एक राजनीतिक दल बनाना है। इस दौरान उन्होंने कुछ ऐसा भी कहा दिया, जिसके लिए उन्हें तुरंत माफी भी मांगनी पड़ी। दरअसल, रैली के दौरान ममता के मुंह से भाजपा के लिए अपशब्द निकल गया था, जिसके लिए उन्होंने सॉरी भी कहा।

### वो शब्द मेरे मुंह से निकल गया : ममता

ममता अपने संबोधन के दौरान कह रही थीं, "राशन दुकान में राशन जाएगा, तो उसमें भी प्रधानमंत्री की छवि लगेगी। और भाजपा का लोगो रहेगा।" इसके बाद उन्होंने कहा, भले ही मुझे खाने को नहीं मिले, मैं मर जाऊंगी। मैं



कह देती हूं, मैं वहां नहीं जाऊंगी।" फिर वे कुछ समय के लिए रूकीं, फिर कहा, "सॉरी, आय विड्रॉ माय वर्ड, गुस्से में मेरे मुंह से निकल गया।"

### भाजपा एजेंसियों के जरिए वोट करा रही : ममता बनर्जी

सत्तारूढ़ पार्टी पर भड़कते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा केवल एजेंसियों के जरिए वोट करा रही है। उन्होंने आगे कहा कि वह एजेंसी के सामने नहीं झुकेंगी। वह गुरुवार को उत्तर बंगाल के कूचबिहार के माथाभांगा में गुमानीर हाट हाई स्कूल मैदान में आयोजित रैली में को संबोधित करने हुए टीएमसी प्रमुख ने कहा, पहले कितने राजनीतिक नेता कूचबिहार आते थे। जबसे तृणमूल कांग्रेस की सरकार बंगाल में बनी, तबसे यहां पर रजनीतिक लोग आने लगे। ममता ने कहा कि वह उत्तर बंगाल के बारे में सोचने वाली पहली व्यक्ति थीं। उन्होंने कहा कि मैंने जो कुछ भी किया वह मेरा 'विजन' था। विजन 2020 निकालिए, आप देखेंगे, सब मेरी सरकार ने किया। उन्होंने सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि 2014 के बाद से बंगाल पर अत्याचर बढ़ा है। केंद्र सरकार बंगाल से लगातार पैसे ले जाती है लेकिन लौटाती नहीं। बंगाल का पैसा अटका कर रख दिया है।

# लोकसभा चुनाव ब्रांड मोदी और ब्रांड विरोधी के बीच मुकाबला

**नई दिल्ली।** आगामी आम चुनाव से पहले सियासी नेताओं की बयानबाजियां तेज हो गई हैं। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि लोकसभा चुनाव 'ब्रांड मोदी' और 'ब्रांड विरोधी' के बीच मुकाबला है। यह राष्ट्रपति पद का मुकाबला बन गया है। नरेंद्र मोदी के साथ लोगों के भावनात्मक जुड़ाव को देखने पर इसमें कोई शक नहीं रह जाता कि कौन जीतेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के 370 सीट के घोषित लक्ष्य को दक्षिणी राज्यों और पश्चिम बंगाल में रिकॉर्ट सीट से मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी तमिलनाडु में सात-आठ सीट जीतेगी, तेलंगाना में आठ, आंध्र



प्रदेश में चार और करेल में कुछ सीट जीतना 1000 फीसदी तय है। आलोक का यह चौंकाने वाला दावा है, क्योंकि भाजपा ने वाम दलों और कांग्रेस के वर्चस्व वाले राज्य में कभी भी लोकसभा सीट नहीं जीती है। वर्तमान में आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में इसकी कोई सीट नहीं है और तेलंगाना में चार सीट हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या उनका अनुमान तमिलनाडु जैसे राज्य को लेकर बहुत आशावादी है, उन्होंने कहा, बिल्कुल नहीं। लोगों में हिंदुत्व की भावना बढ़ी है। द्रविण राजनीति की अपनी सीमा है। उन्होंने कहा कि मोदी के एक दशक लंबे कार्यकाल का असर हिंदुओं में उनके धर्म में पुनरुत्थान के गौरव करने के रूप में आया है। लोग अब अपनी हिंदू पहचान का दिखावा करने में शर्मिंदगी महसूस नहीं करते हैं। हालांकि, हिंदू होना और भारतीय होना एक ही है।

आलोक ने अपने गृह राज्य के बारे में कहा कि वहां भी मोदी की ब्रांड इक्विटी है, जो भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) की जीत सुनिश्चित करेगी। उनसे जब पूछा गया कि जदयू अध्यक्ष नीतीश कुमार के एनडीए में वापस आने से नीतीश की चुनावी स्थिति राज्य में मजबूत रहेगी, तो उन्होंने ना में जवाब दिया। उन्होंने कहा, यह चुनाव इस तरह हो रहा है कि या तो आप मोदी के साथ हैं या मोदी के खिलाफ हैं। इसमें नीतीश और अन्य लोग चीजों को जोड़ेंगे, लेकिन एक ब्रांड नहीं बन सकते। आलोक ने भाजपा से अपने सियासी करियर की शुरूआत की थी और फिर पार्टी में लौटने से पहले वह जदयू में शामिल हो गए थे।

उन्होंने कहा, भारत में भले ही राष्ट्रपति प्रणाली की सरकार नहीं है। लेकिन लोग इसी तर्ज पर वोट देते हैं। लोग चुनावों के दौरान एक नेता के इर्द-गिर्द घूमते रहे हैं।

# अखिलेश यादव ने चला ऐसा दांव, भाजपा में बढ़ी बेचैनी, गेम चेंजर साबित हो सकते हैं शाक्य वोट

**एटा।** यूं तो एटा लोकसभा सीट पर मतदाताओं के बीच मुख्य मुकाबला लोधी और यादवों के बीच रहता है। यही दोनों जाति वर्ग सर्वाधिक हैं। जो अपनी एकजुटता के साथ जीत-हार का फैसला करते हैं। लेकिन इस बार समीकरण बदले हुए हैं। परंपरागत वोट तो दोनों दलों का अपनी-अपनी जगह है, जबकि शाक्य मतदाताओं में बिखराव के आसार बन गए हैं। भाजपा के बेस वोटर कहे जाने वाले ये मतदाता सपा से शाक्य आने के बाद असमंजस में है। ऐसे में शाक्य मतदाता जिस ओर एकजुटता के साथ झुकते हैं तो गेम चेंबर साबित हो सकते हैं। लोकसभा सीट पर लोधी, यादवों के अलावा शाक्य मतदाताओं की भी संख्या भारी-भरकम है। पूर्व के चुनावों में तमाम शाक्य प्रत्याशी किस्मत आजमा चुके हैं। इसी वर्ग से महादीपक सिंह शाक्य एटा लोकसभा सीट



पर पांच बार और कासगंज लोकसभा सीट पर एक बार सांसद रहे थे। दो बार यादव और तीन बार लोध वर्ग से सांसद चुने गए हैं। सामान्य रूप से यहां भाजपा को शाक्य मतदाताओं का साथ मिलता रहा है। जिसके चलते जातीय समीकरण के लिहाज से पार्टी का पलड़ा भारी हो जाता है। इसी समीकरण को कमजोर कर अपनी स्थिति मजबूत करने के लिए सपा ने शाक्य प्रत्याशी को यहां भेजा है। सपा के देवेश शाक्य लगातार सजातीयों में बैठकें कर उनका रुख सपा की ओर मोड़ने के प्रयास में जुटे हैं।

# लालू यादव के दांव से बिहार में धड़ाम हुई कांग्रेस की सियासत, पप्पू यादव और कन्हैया हुए किनारे

**बिहार।** बिहार के सियासी समर में मुकाबला दिलचस्प होता दिखाई दे रहा है। एक ओर जहां बीजेपी के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन है तो दूसरी ओर इंडिया गठबंधन है जिसमें राजद और कांग्रेस मुख्य रूप से शामिल है। एनडीए ने जहां बिहार में चुनाव का पूरी तरीके से फामूर्ला निकाल लिया है तो वहीं इंडिया गठबंधन में टेंशन अभी भी बरकरार है। एनडीए के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जहां चुनावी अभियान की शुरूआत भी कर दी है जिसमें नीतीश कुमार भी शामिल रहे तो वहीं दूसरी ओर तेजस्वी यादव एक ऐसी सीट पर राजद उम्मीदवार के नामांकन पर पहुंचे थे जहां इंडिया गठबंधन के भीतर आपस में ही टकराव है। एनडीए गठबंधन जहां मजबूती से चुनाव लड़ता दिखाई दे रहा है तो वहीं इंडिया गठबंधन में कांग्रेस और राजद आपस में ही लड़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। एनडीए में जहां सभी दलों ने मिल बैठकर सीटों और उम्मीदवारों पर फैसला किया तो वहीं इंडिया गठबंधन में लालू यादव का ही दबदबा दिखाई दे रहा है।

### सीटों का बंटवारा

काफी उठा पटक और माथापच्ची के बाद इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे पर फैसला हो सका। सीट बंटवारे में लालू का ही दबदबा दिखाई दिया। 40 सीटों में से राजत 26 सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। जबकि कांग्रेस 9 सीट और वाम दलों के खाते में 5 सीटें गई हैं। राजद जिन सीटों पर चुनाव लड़ रहा है उनमें औरंगाबाद, गया, जमुई, नवादा, सारण, पाटलिपुत्र, बक्सर, उजियारपुर, जहानाबाद, दरभंगा, बांका, अररिया, मुंगेर, सीतामढ़ी, झंझारपुर, मधुबनी, सिवान, शिवहर, वैशाली, हाजीपुर, सुपौल, वाल्मीकि नगर, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया, मधेपुरा और गोपालगंज शामिल है। जबकि दूसरी ओर किशनगंज, कटिहार, समस्तीपुर, पटना साहिब, सासाराम, पश्चिमी चंपारण, मुजफ्फरपुर, भागलपुर और महाराजगंज में कांग्रेस अपने उम्मीदवार उतार रही है। भाकपा



माले को आरा, काराकट और नालंदा का सीट दिया गया है जबकि सीपीआई के खाते में बेगूसराय और सीपीएम के खाते में खगड़िया सीट आई है। लालू यादव के दबाव में कांग्रेस को पूर्णिया जैसी सीट छोड़नी पड़ी जहां से उसने मजबूत उम्मीदवार पप्पू यादव को अपनी पार्टी में शामिल कराया था।

### लालू को पसंद नहीं पप्पू यादव और कन्हैया कुमार?

पप्पू यादव हाल में ही अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर लिया था। वह कांग्रेस के सिंबल से पूर्णिया से चुनाव भी लड़ने वाले थे। लेकिन यह सीट लालू यादव ने अपने पास रख ली। इतना ही नहीं, पूर्णिया के आसपास वाले मधेपुरा और सुपौल सीट भी लालू की पार्टी के पास है। ऐसे में पप्पू यादव के लिए कोई विकल्प नहीं बचा और ऐसा लगा कि लालू यादव की रणनीति की वजह से उन्हें नुकसान झेलना पड़ा है। हालांकि, पप्पू यादव ने पूर्णिया सीट से नामांकन निर्दलीय तौर पर दाखिल कर दिया है और ऐसे में राजद उम्मीदवार बीमा भारती की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही है। दूसरी ओर कांग्रेस कन्हैया कुमार के लिए बेगूसराय सीट चाहती थी। लेकिन लालू यादव ने एकतरफा फैसला लेते हुए यह सीट लेफ्ट को दे दी ताकि कन्हैया कुमार के लिए कोई जगह न बच सके। भागलपुर से भी कन्हैया कुमार के लड़ने की बात कही जा रही थी। लेकिन लालू यादव ने अड़ंगा लगा दिया जिसके बाद कांग्रेस की ओर से अजीत शर्मा को चुनावी मैदान में उतरा गया। बिहार के राजनीतिक विश्लेषक यह दावा कर रहे हैं कि लालू यादव को यह लगता है कि पप्पू यादव और कन्हैया कुमार भविष्य में तेजस्वी यादव के लिए चुनौती बन सकते हैं इसलिए इन दोनों नेताओं को उनकी ओर से कमजोर करने की कोशिश होती रहती है।

### इन दो सीटों पर भी टकराव

लाल यादव कटिहार सीट अपने पास रखना चाहते थे लेकिन कांग्रेस तारीक अनवर के लिए यह सीट लेना चाहती थी। ऐसे में लालू यादव को यह सीट कांग्रेस के लिए छोड़ना पड़ा। हालांकि लालू यादव अपने राज्यसभा सांसद अहमद अशफाक करीम के लिए यह सीट चाहते थे। उन्होंने प्रॉमिस भी कर दिया था। लेकिन अब वह टिकट नहीं दे पा रहे हैं। कांग्रेस ने तारीक अनवर को टिकट दे दिया है। ऐसे में अशफाक करीम अब कटिहार से निर्दलीय चुनाव लड़ने की तैयारी में है। दूसरी ओर औरंगाबाद से कांग्रेस नेता निखिल कुमार टिकट चाहते थे। लेकिन लालू यादव ने एक तरफा फैसला लेते हुए जदयू छोड़कर आए पूर्व विधायक अभय कुशवाहा को मैदान में उतार दिया। कांग्रेस ने इसको लेकर लालू के समक्ष नाराजगी भी दिखाई लेकिन यहां भी लालू मजबूत दिखे। एक राजद नेता ने कहा कि जब से कांग्रेस ने 2020 के विधानसभा चुनावों में लड़ी गई 70 सीटों में से केवल 19 सीटें जीतीं, तब से उनका (लालू) कांग्रेस पर से विश्वास उठ गया है। जबकि हम कांग्रेस को गठबंधन में चाहते थे, लेकिन हम नहीं चाहते थे कि यह एक बोझ बन जाए।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। शुक्रवार 05 अप्रैल -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# भाजपा में मैनेजमेंट से नहीं मैरिट से मिलता है टिकट, मोदी जी को अधिकतम सहयोग और मजबूत बनाने के लिए वोट करना है: अतुल गर्ग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार अतुल गर्ग गुरुवार को दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय पहुंचे। अतुल गर्ग गाजियाबाद से भाजपा के लोकसभा उम्मीदवार हैं और करंट क्राइम मुख्यालय पहुंचने पर समाचार संपादक दीपक भाटी और वरिष्ठ संवाददाता शशि नारायण के साथ उन्होंने खुल कर कई मुद्दों पर बात की। दैनिक करंट क्राइम के आमना-सामना में लोकसभा उम्मीदवार और शहर विधायक अतुल गर्ग ने कई सवालों का खुलकर जवाब दिया। यहां पर समाचार संपादक दीपक भाटी ने उनसे अलग अलग मुद्दों पर सवाल किये। अतुल गर्ग से उनके चुनाव को लेकर उनका ही आंकलन जाना। ये भी पूछा कि आपके लोकसभा चुनाव में जनरल वीके सिंह क्या चुनाव प्रचार करने आयेंगे, वो अभी तक चुनाव प्रचार में क्यों नहीं आये हैं। अतुल गर्ग गजब के सेंस ऑफ ह्यूमर के मालिक हैं वो शब्द खिलाड़ी माने जाते हैं और उन्होंने दैनिक करंट क्राइम के साथ अपनी इसी विशिष्ट शैली के साथ संवाद कायम किया। यहां पर उम्मीदवार अतुल गर्ग ने अपनी जीत का दावा तो किया लेकिन उन्होंने अपनी जीत के वोटों का आंकड़ा नहीं खोला। उन्होंने कई विषयों पर खुलकर बोला। करंट क्राइम से हुई उनकी ये विशेष मुलाकात ये विशेष आमना-सामना कई जानकारियों से परिपूर्ण रहा।

दैनिक आमना-सामना करंट क्राइम

**आपको बधाई, भाजपा को स्थानीय कैंडिडेट मिल गया है, किस तरीके से देखते हैं इसको आप?**

यह सब मोदी जी, अमित शाह जी और जेपी नड्डा के साथ ही यूपी के प्रबंधन प्रदेश और राष्ट्र में भाजपा के लिए काम कर रहे उन सब लोगों के प्रति मैं कृतज्ञ हूं। यह संदेश दिया गया है कि एक लोकल ब्वॉय साधारण कार्यकर्ता को भी टिकट दिया गया है, किसी बड़े चेहरे के सामने और ऐसा भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है। बिना किसी प्रयासों के बिना किसी सोर्स सिफारिश के भाजपा किसी भी कार्यकर्ता को आगे बढ़ा देती है और ऐसा ही मेरे साथ हुआ है।

**अतुल गर्ग को मैनेजमेंट गुरु कहा जाता है, क्या आपके टिकट के पीछे कोई मैनेजमेंट है या आपका टिकट साधारण तरीके से हो गया?**

मैं तो मैनेजमेंट कर लूं पर भाजपा में किसी का मैनेजमेंट चलता नहीं है। भाजपा मैनेजमेंट पर नहीं चलती भाजपा मैरिट पर चलती है। जिस तरह से मेरा टिकट हुआ है यह सभी के साथ मेरे लिए भी एक रोमांचक जानकारी थी।

**आपका टिकट हुआ एक समाज की ओर से, आपके पास भी यह सवाल आ रहे होंगे, विरोध हुआ, क्या आप इस विरोध को सीरियस ले रहे हैं। क्या इससे चुनाव में किसी प्रकार का नुकसान हो जाएगा?**

चुनाव में मुझे विरोध करने वाले मिले नहीं, ऐसा एहसास भी नहीं हुआ है। धौलाना में स्वागत करने को लेकर जरूर माहौल थोड़ा सा बिगड़ा था, जब स्वागत करने के लिए मेरा सम्मान करने के लिए इतना सहयोग दे रहे हैं, जिसके लिए लड़ रहे हैं, मेरा दिल तो उन सबके प्रति सम्मान से भरा हुआ है। दूर-दूर तक कोई झगड़ा नहीं है, ना किसी का कोई विरोध है। कुछ लोग ऐसा कहते होंगे लेकिन हम उन लोगों से मिलेंगे उनकी नाराजगी को दूर कर लिया जाएगा। बैठकर बातचीत हो जाएगी और पूछ लिया जाएगा कि हमारी क्या गलती है।

**आपका नाम भी तो दूर-दूर तक चर्चा में नहीं था, गाजियाबाद की जनता और राजनीतिक लोग हैरान हुए, जब आपके नाम की चर्चा हुई तो क्या आप भी हैरान हुए थे?**

मैं बेहद हैरान हुआ था, भरोसा ही नहीं हुआ था। बस यह ऐसा समझो जैसे सुभाष यादव को मिनिस्टर बना दिया हो, मुख्यमंत्री बना दिया हो, शर्मा जी को जैसे मुख्यमंत्री बना दिया जयपुर में और शिंदे को बना दिया महाराष्ट्र में, खट्टर साहब को बना दिया हरियाणा में, भाजपा के अंदर जो शीर्ष नेतृत्व है वह बहुत कुछ सोच समझकर निर्णय लेता है। छोटे से छोटे कार्यकर्ता को सम्मान देकर बाकी लोगों को संदेश भी देने का काम करती है।

**जनरल साहब आपके चुनाव प्रचार में कहीं नजर नहीं आ रहे हैं, आप उनके घर जाने की बात कर रहे हैं। वह स्थानीय सांसद भी हैं पर दूरी क्यों है?**

अभी चुनाव प्रचार शुरू ही कहां हुआ है।

**क्या यह चुनाव प्रचार नहीं है कि मुख्यमंत्री जी प्रबुद्धजनों के साथ आकर बैठक कर गए। राजनाथ जी आकर आपके चुनाव प्रचार व नामांकन की रैली कर गए। केशव प्रसाद मौर्य आ गए प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गए, आप सारे मंडलों में जाकर प्रचार प्रसार कर रहे हैं?**

जनरल साहब तमिलनाडु और उत्तराखंड दो राज्यों के प्रभारी हैं। दोनों ही राज्य गाजियाबाद से बहुत दूर हैं यदि वह प्रवास पर हैं और एक दिन पहले कोई कार्यक्रम आएगा तो वह कैसे आ सकते हैं। यह स्वाभाविक है, मुझे उम्मीद है कि जनरल वीके सिंह साहब बहुत जल्द गाजियाबाद आकर मेरे लिए वोट मांगेंगे।

**गाजियाबाद में जाम एक बड़ी समस्या है। कूड़ा डंपिंग ग्राउंड को लेकर भी हल होना चाहिए, तो वहीं जिस शहर सीट से आप विधायक हैं, वहां दूधेश्वरनाथ मंदिर के निकट का जो अंडर पास है वह बारिश में आज भी डूब जाता है। ऐसे में क्या बदलाव होने चाहिए?**

देखिए जब मैं मंत्री बना तो अंडरपास डूबने की जो शिकायत है, वह अब एक घंटे से ज्यादा कि नहीं है। बड़ी-बड़ी मशीन लगा दी गई हैं। सीवर लाइन साफ कराई गई हैं। नगर निगम ने भी काफी प्रयास किया है, मुझे तो नहीं लगता है कि अब ऐसी कोई बड़ी समस्या है, पर जो भी समस्या होगी उसको हल करने के लिए मेरा प्रयास अवश्य रहेगा। जो भी परेशानी है, वह नहीं आएगी और रही जाम की समस्या की बात तो यथासंभव जिस जिस जगह फ्लाईओवर बनाए जा सकते हैं वहां फ्लाईओवर बनवाये जाएंगे। आप देखेंगे कि अगले 5 सालों में बहुत सारे नए फ्लाईओवर बनेंगे और उनकी शुरूआत की जाएगी।

**आप अभी विधायक हैं, अगर आप चुनाव जीते तो बदल तो नहीं जाएंगे, क्या सहज उपलब्धता रहेगी।**

मैं 5 साल विधायक रहा, कितने मंत्रालयों का मंत्री रहा, सात विभागों का मंत्री रहा। बदलकर कहां जाऊंगा और आप लोगों से बिछड़ कर कहां रह पाऊंगा। ढूंढोगे जहां वहीं हमको पाओगे। मेरा तो जी आप सब लोगों के बीच ही लगता है। मैं खुद खोजता हुआ आप सब और जनता के बीच चला आऊंगा।

**कुछ ऐसे चेहरे हैं जो आपके चुनाव में नजर नहीं आ रहे हैं, उनके बारे में क्या कहना है?**

बीजेपी में चेहरा दिखाने की राजनीति नहीं है, जो जहां है सब पार्टी और एक दूसरे के लिए काम कर रहे हैं। घर-घर वोट मांगने की राजनीति कर रहे हैं।

**जनता से कोई अपील करना चाहेंगे?**

जनता से एक ही अपील है कि वह मोदी के लिए वोट करे। अतुल गर्ग की जीत खुद ब खुद हो जाएगी। संसद की पावर एक वोट की भी होती है और 5 लाख वोट की भी होती है, मगर हम ज्यादा वोट से जीतेंगे तो इससे मोदी जी का सम्मान बढ़ेगा और गाजियाबाद की लोकसभा सीट मजबूत रहेगी। जीत के अंतर वोट बढ़ाने के लिए वोट नहीं करना है, मोदी जी को अधिकतम सहयोग और अधिकतम मजबूत बनाने के लिए वोट करना है। दुनिया के लोग मोदी जी के साथ कितने हैं यह दिखाने के लिए सभी को इस बार लोकसभा चुनाव में वोट करना है।

**कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का कहना है कि आप 12 लाख वोट से विजय हासिल करेंगे, विपक्ष 3 लाख वोट में सिमट जाएगा। इस पर क्या कहेंगे?**

सुनील शर्मा मेरे से सीनियर व्यक्ति हैं और बहुत अनुभवी राजनीतिज्ञ हैं। और बहुत गंभीर व्यक्ति हैं। मैं तो हिसाब लगा नहीं पाता हूं अगर कहीं समस्या आती है। तो सुनील शर्मा से ही पूछता हूं। इसीलिए जो सुनील शर्मा ने कहा होगा, उसके आगे मैं दिमाग नहीं लगाऊंगा। जो होना होगा वह सब चार जून को साफ हो जाएगा।

**आपके चुनाव में जो कार्यकर्ता लगे हुए हैं, उनके लिए कोई संदेश देना चाहेंगे?**

अगर आपके मन में देश के लिए कुछ कर गुजरने की चाहत है, आप देश के लिए कुछ करना चाहते हैं तो आप सब क्या कर सकते हैं। आप सब इतना कर सकते हैं कि देश के लिए अच्छे नेताओं के प्रति जागरूकता पैदा कर सकते हैं। अब भगत सिंह की तरह गोली खाने की तो चेष्टा नहीं है, चंद्रशेखर आजाद की तरह गोली खाने की जरूरत नहीं है। सुभाष चंद्र बोस की तरह घर छोड़ने की आवश्यकता नहीं है। सिर्फ एक जरूरत है जो लोग जागरूक नहीं है उनको जागरूक किया जाए। इसी की आज देश में आवश्यकता है।

**जो शहर विधानसभा सीट आपके लोकसभा उम्मीदवार बनते खाली हुई है। उस पर किस चेहरे को देखना चाहते हो?**

चुनाव किसे लड़ाया जाएगा ये पार्टी का निर्णय होगा। मैं इससे ज्यादा इस पर कुछ नहीं कह सकता।




**अभी आपके विधायक ने आप ही के कार्यक्रम के मंच से एक सवाल उठाया की पुलिस कार्यकर्ताओं के मुचलके भर रही है। उनकी बात नहीं सुन रही है, अक्सर कार्यकर्ता इस तरह की आवाज उठाते भी हैं। इस पर आपकी क्या भूमिका रहेगी अब?**

मेरे को बहुत ज्यादा शिकायतें नहीं मिली हैं, पर जो उन्होंने कहा है वो सही कहा होगा। इस विषय पर एक-दो दिन में चारों पांचों विधायक मिलकर बातचीत करेंगे।

**6 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का रोड शो है, क्या तैयारी है क्या व्यवस्था होने वाली है?**

6 तारीख के लिए सभी तैयारियां चल रही हैं। मैं कई मीटिंग में जा रहा हूं, जनता से यही अपील है कि मोदी जी को आशीर्वाद देने का यह सबसे सुनहरा अवसर है। मोदी जी रोज-रोज रोड शो में नहीं आ पाते हैं और गाजियाबाद आ रहे हैं तो यह सभी के लिए बहुत सौभाग्य की बात है। देश और पूरी दुनिया का इतना बड़ा नेता खुद आपके इस शहर में आ रहा है, उसकी अगवानी करने के लिए उनका स्वागत करने के लिए अपना प्रेम दिखाने के लिए मौका दिखाने के लिए आशीर्वाद देने के लिए अधिक से अधिक संख्या में सब लोग आएंगे, मैं ऐसा मान कर चल रहा हूं।



**अगर जनरल साहब के सांसद रहने के साथ-साथ केंद्रीय मंत्री जनरल वाली उपाधि उनके साथ-साथ चलती थी, एक संदेश जाता था। अधिकारियों में उनकी बात सुनी जाती थी, उनका एक अलग कद था। अगर आप सांसद बने तो क्या ये रुतबा रहेगा?**

सांसद के रूप में जो गाजियाबाद में काम कराए जा सकते हैं, उसके लिए पहली बात तो मंत्री बनना कोई जरूरी नहीं है। भरपूर काम कराऊंगा, कोई अगर कहीं कमी लगेगी तो जनरल साहब के घर चला जाऊंगा। उनसे मदद ले लूंगा जनरल साहब से रिक्वेस्ट कर लूंगा कि वह मेरे काम करवा दें।

## नेशनल कैपिटल रीजन का विकास दिल्ली जैसा हो : अतुल गर्ग

**अगर आप सांसद बन गए तो आपके दिमाग में कुछ विचार होंगे कि गाजियाबाद के लिए क्या बदलाव कर दूं?**

मैं सबसे पहले नेशनल कैपिटल रीजन एक्ट को लेकर जो प्लान बना था, सात प्रदेशों के बीच बैठकों के बाद उसको निकालने का काम करूंगा। मैं पूरा एग्रीमेंट निकलूंगा और पूछूंगा कि अब तक बीते 10 सालों में कितना काम हो चुका है। उसके अंदर साफ-साफ है कि जो नेशनल कैपिटल रीजन का 45 किलोमीटर का सर्किल है, उसके अंदर दिल्ली जैसा विकास होना चाहिए। मैं इस ओर भी केंद्र सरकार का ध्यान दिलाऊंगा कि जब कमला नेहरू नगर के अंतर्गत केंद्र सरकार की बहुत सारी जमीन पड़ी हुई है। यहां बहुत सारे ऑफिस शुरू किया जा सकते थे जिससे दिल्ली का लोड कम होता और गाजियाबाद को एक स्टेटस भी मिलता, यह मेरा सबसे पहला प्रयास और काम रहेगा।



**आपका टिकट जो हुआ वह जनरल साहब के प्रति विधायकों की एकजुटता थी या कुछ और वजह है?**

कोई विधायक हमारे या किसी की कोई एकजुटता ऐसी नहीं थी कि हम किसी के पक्ष में या किसी के खिलाफ हों। हम सभी ने अपनी-अपनी बात कही थी, सब अपनी-अपनी बात समय-समय पर रखते थे। हमारे को टिकट देना है, इसलिए जनरल साहब को टिकट न दिया गया हो ऐसा नहीं है। मेरे को जो सूचना है कि मुझे टिकट इसलिए दिया गया क्योंकि जनरल साहब को बड़ा पद और दायित्व को दिया जा रहा है, इसीलिए मुझे टिकट दिया गया है।



दैनिक करंट क्राइम सिर्फ सच... www.currentcrime.com

### भाजपा प्रत्याशी अतुल गर्ग के महत्त्वपूर्ण बोल...

- भाजपा मैनेजमेंट पर नहीं चलती, मैरिट पर चलती है
- चुनाव में मुझे विरोध करने वाले मिले नहीं, ऐसा एहसास भी नहीं हुआ
- संदेश दिया है कि एक साधारण कार्यकर्ता को टिकट दिया गया है
- हमें टिकट देना है, इसलिए जनरल साहब को टिकट न दिया गया हो ऐसा नहीं है
- भाजपा का शीर्ष नेतृत्व सोच समझकर निर्णय लेता है
- मुझे उम्मीद है कि जनरल वीके सिंह साहब बहुत जल्द गाजियाबाद आकर मेरे लिए वोट मांगेंगे
- मैं मंत्री बना तो अंडरपास डूबने की जो शिकायत है, वह एक घंटे से ज्यादा कि नहीं
- मैं बदलकर कहां जाऊंगा और आप लोगों से बिछड़ कर कहां रह पाऊंगा
- सांसद की पावर एक वोट की भी होती है और 5 लाख वोट की भी
- जनता से अपील है कि 6 अप्रैल को आपके पास मोदी जी को आशीर्वाद देने का सुनहरा अवसर है
- मेरा संदेश इतना ही है कि जो लोग जागरूक नहीं हैं उन्हें जागरूक करना सभी का कर्तव्य है

## संपादकीय

# 28 दलों की एकजुटता के बीच पसरा शून्य

विपक्षी गठबंधन इंडिया की लोकतंत्र बचाओ महारैली में जुटे 28 दलों के नेता आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से कोई प्रभावी संदेश देने में नाकाम रहे हैं। भले ही चुनाव के ठीक पहले विपक्षी दलों ने इसके जरिए अपनी एकजुटता प्रदर्शित करने में कामयाबी हासिल की हो लेकिन यह एकजुटता भ्रष्ट नेताओं को बचाने की एक मुहिम ही बनकर सामने आयी है। इसमें स्पष्ट रूप से केन्द्र सरकार की भ्रष्टाचार पर की गई कार्रवाई की बौखलाहट झलक रही थी। इस रैली में सभी दलों के नेताओं ने देश विकास के मुद्दों, सिद्धान्तों एवं नैतिक तकाजे की बजाय मोटे तौर पर सत्ता पक्ष की भ्रष्टाचार के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को लोकतंत्र पर हमला बताते हुए इसी के इर्दगिर्द ही अपनी बातें रखीं। लोकतंत्र बचाओ रैली से उपजे विचारों ने किन्हीं पवित्र उद्देश्यों के बजाय सत्ता हासिल करने की लालसा को ही उजागर किया, यह निराश करने वाली रैली किसी बड़े बदलाव की वाहक बनती हुई नजर नहीं आयी। इस रैली में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शानदार जीत की संभावना से बौखलाए नेताओं की खीज ही ज्यादा सामने आयी है। यही कारण है कि रैली में जो मुद्दा जोरशोर से उठा, वह यह रहा कि यदि भाजपा फिर से सत्ता में आ गई तो लोकतंत्र भी खत्म हो जाएगा और संविधान भी। यह समझना कठिन है कि कोई दल लगातार तीसरी बार सत्ता हासिल करता है तो उससे लोकतंत्र और संविधान कैसे खत्म हो जाएगा। आम जनता के मतों से जीत हासिल करने वाला दल किस तरह से लोकतंत्र को ध्वस्त करने वाला हो सकता है। विपक्षी एकता का यह महाकुंभ मोदी को कोसने की बजाय किन्हीं ठोस मुद्दों के सहारे कोई प्रभावशाली विमर्श खड़ा करने की कोशिश करता तो वह आम जनता को आकर्षित करता और यही स्वस्थ राजनीतिक परिपक्वता का परिचायक होता। लेकिन ऐसा न होना समूचे देश के विपक्षी दलों की नाकामी, उद्देश्यहीनता एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का द्योतक हैं। इस रैली में अनेक मुद्दे उठे, जिनमें प्रमुख रहा केंद्रीय एजेंसियों का कथित दुरूपयोग और राजनीतिक भ्रष्टाचार। प्रियंका गांधी ने इस रैली में सरकार के सामने पांच मांगें रखीं। इनमें प्रमुख दो हैं जिनमें चुनाव आयोग से मांग की गई है कि विपक्षी नेताओं पर छापों की कार्रवाई रोकी जाए। दूसरी और महत्वपूर्ण मांग ये है कि गिरफ्तार हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल को तुरंत रिहा किया जाए। इस रिहाई की मांग के पीछे कांग्रेस का उद्देश्य बचे-खुचे संगठनों या पार्टियों को इंडिया गठबंधन से जोड़े रखना है। नीतीश कुमार और ममता बनर्जी जैसे मजबूत खम्भे पहले ही उखड़ चुके हैं इसलिए जो कुछ बचा है उसे कांग्रेस समेटे रखना चाहती है, यही उसकी विवशता है। वैसे, इंडिया गठबंधन के घटक दलों के आपसी अंतर्विरोध की छाया भी इस रैली में दिखी। कांग्रेस की तरफ से कहा गया कि विरोध किसी खास व्यक्ति से जुड़ा नहीं बल्कि मौजूदा सरकार की तानाशाही के खिलाफ केंद्रित है। जबकि इस रैली का मकसद आम आदमी पार्टी की तरफ से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का विरोध करना बताया गया। दो तरह के नेता होते हैं- एक वे जो कुछ करना चाहते हैं, दूसरे वे जो कुछ होना चाहते हैं। असली नेता को सूक्ष्मदर्शी और दूरदर्शी होकर, प्रासंगिक और अप्रासंगिक के बीच भेदरेखा बनानी होती है। संयुक्त रूप से कार्य करें तो आज भी वे भारत को विकास की नई ऊंचाइयां दे सकते हैं। लेकिन उन्होंने सहचिन्तन को शायद कमजोरी मान रखा है।

# वोट में तब्दील होने वाले मुद्दों की तलाश बड़ी चुनौती



एक बात और चुनाव घोषणा पत्रों में मुफ्त की सुविधाओं की भरमार भी अब लोगों को अधिक लुभाने वाली नहीं लगती। कारण साफ है इससे एक और प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष कर देने वाला अपने को ठगा समझने लगा है, वहीं लाभार्थी इसे राजनीतिक दलों की कमजोरी समझने लगा है।

18 वीं लोकसभा के चुनावों का बिगुल बज चुका हैं वहीं पहले चरण की 102 सीटों के लिए नामांकन का कार्य पूरा होने के साथ ही एनडीए ने 31 मार्च को मेरठ और इंडी गठबंधन ने नई दिल्ली से चुनावी केंपेन का आगाज कर दिया है। लोकसभा के सातों चरणों के मतदान तक राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव रैलियों, रोड़ शो सहित विभिन्न मंचों से एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी रहेगा। सौ टके का सवाल यह है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के चुनावों में चुनाव अभियान के दौरान आखिर मुख्य मुद्दे क्या बनेंगे ? हाल ही पांच विधान सभा चुनावों के दौरान गांरटियों की खूब चचाएं रही। एक तरफ गांरटियां थी तो दूसरी और बीजेपी ने मोदी को ही गारंटी बताकर प्रचारित किया। दरअसल देखा जाएं तो पिछले कुछ चुनावों से चाहे वे लोकसभा के हो या विधानसभाओं के चुनाव हो, सीधे जनता से जुड़े मुद्दें तो कहीं नेपथ्य में ही रह जाते हैं। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि जनता से जुड़े मुद्दों को आमजनता भी अब मुद्दे या चुनावी एजेंडा नहीं मानने लगी है। इसका कारण भी कुछ और ही होता जा रहा है। किसी जमाने में गरीबी हटाओं या भ्रष्टाचार मिटाओं या महंगाई या बेरोजगारी तो सकारात्मक प्रचार अभियान में विकास की बात आदि मुद्दे महत्वपूर्ण होते थे पर अब देखा जाए तो यह मुद्दे वोट में तब्दील नहीं हो पा रहे हैं। पिछले चुनावों के अनुभव हमारे सामने हैं। दर असल अब नकारात्मक प्रचार राजनीतिक दलों पर उलटा पड़ने लगा है। पिछले दो लोकसभा के चुनावों में चौकीदार, सेना के साक्ष्य, चाय वाला आदि ऐसे वक्तव्य रहे जिसका जितना अधिक उपयोग हुआ वह भाजपा और नरेन्द्र मोदी के पक्ष में ही गया। दरअसल अब वोट विश्वसनीयता यानी की भरोसे और वोल्डनेस पर पड़ने लगे हैं। एक बात यह भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि आजादी के 75 साल बाद भी किसी दल का वोट प्रतिषत 50 प्रतिशत का आंकड़ा छू नहीं पाया है। दूसरी और चुनाव आयोग द्वारा लाख प्रयासों के बाद भी 100 में से 33 प्रतिशत मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर मतदान के लिए ले जाने में हम सफल नहीं हो पा रहे हैं। खैर यह अलग विचारणीय मुद्दे हैं।

विपक्ष के प्रयास है कि सत्तारुढ़ द्वारा संबैधानिक संस्थाओं यथा ईडी, आईटी आदि जांच एजेंसियों का हथियार के रुप में उपयोग, चुनावी बॉण्ड, बेरोजगारी, महंगाई, भ्रष्टाचार आदि को प्रभावी तरीके से चुनावी मुद्दा बनाया जाये पर अभी तक जो दिखाई दे रहा है उसमें साफ है कि यह मतदाताओं को प्रभावित करने वाले मुद्दे बन नहीं पा रहे हैं। इसका एक प्रमुख कारण तो विपक्षी खासतौर से इंडी के दलों का जुड़ना बिखरना जारी है। एक तरफ ममता पं.बगांल में कांग्रेस द्वारा वामपंथी दलों के साथ तालमेल कर चुनाव लड़ने को खुले आम भाजपा को लाभ बताने वाला निर्णय बता रही हैं वहीं बिहार, महाराष्ट्र, दिल्ली में कांग्रेस का छोटे पार्टनर के रुप में सामने आने, पंजाब में आप से सीटों के बंटवारें को लेकर समझौता ही नहीं होने, बसपा का अलग रुख, अजित जनता दल का बीजेपी के साथ आना, ओडीसा में बीजद सहित विरोधाभास सामने आ रहे हैं। वहीं दिल्ली की रैली से साफ हो जाता है कि विपक्ष का जो पैनापन होना चाहिए था वह लगभग असरदार नहीं दिखा। चुनावी बॉण्ड का मुद्दा जिस तरह से उछला वह अपनी धार नहीं दिखा पाया क्योंकि चुनावी चंदा सभी ने लिया चाहे वो कम हो या ज्यादा। दूसरी बात आमजन का यह सोच माना जा सकता है कि सभी राजनीतिक दल चुनावी चंदा लेते हैं और साफ है कि इसका फायदा सत्तारुढ़ दल को अधिक ही मिलता है। चंदा देने वाला अपने निहितार्थ देखता है और यही कारण है कि वह सत्तारुढ़ दल को अधिक चंदा देता है।

इसलिए जिस तरह से यह बड़ा मुद्दा बनने की संभावना देखी जा रही थी वह कहीं पीछे ही रह गई। इसी तरह से केजरीवाल सहित आप नेताओं पर ईडी छापों और जेल का मुद्दा भी अधिक असर दिखाता नहीं लग रहा। इसका कारण भी साफ है कि केजरीवाल जो भ्रष्टाचार के खिलाफ ही सत्ता में आये थे पहलीबात तो उनके नेताओं पर शराब ठेकों में भ्रष्टाचार के आरोप लगे, दूसरी और बार बार सम्मन आने पर भी रेस्पांस नहीं करने और गिरफ्तारी के बाद भी पद पर बने रहने का आमजन में अभी तो नकारात्मक असर ही दिखाई दे रहा है। इस मामलें में लोग लालू की बड़ाई करने लगे हैं कि लालू ने गिरफ्तार होते ही अपना पद त्याग दिया और भले ही राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाया पर पद की गरिमा को तो बनाये रखा। केजरीवाल द्वारा बार बार सम्मन की अवहेलना करने और त्यागपत्र नहीं देने से लोगों में केजरीवाल के पदलोलुपता का संदेश गया अन्यथा निश्चित रुप से केजरीवाल के प्रति सहानुभूति होती और इसका लाभ समस्त विपक्ष को मिलता पर लगता है एक अच्छा अवसर खो दिया गया है। अब सवाल महंगाई को लेकर आता है तो महंगाई किसी जमाने में अपना असर दिखाती थी और प्याज के भाव बढ़ने के कारण सरकार को जाते हुए हमनें देखा है पर लगता है अब यह मुद्दा भी कुंद पड़ता जा रहा है। इसका कारण है बेरोजगारी और मंहगाई को जिस तरह से विपक्ष को चुनावी इशु बनाना चाहिए था उसमें वह सफल नहीं हो पा रही हैं।इस चुनाव में किसानों का मुद्दा तो अभी तक दिखाई ही नहीं दे रहा।

एक बात और चुनाव घोषणा पत्रों में मुफ्त की सुविधाओं की भरमार भी अब लोगों को अधिक लुभाने वाली नहीं लगती। कारण साफ है इससे एक और प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष कर देने वाला अपने को ठगा समझने लगा है, वहीं लाभार्थी इसे राजनीतिक दलों की कमजोरी समझने लगा है। चुनावी बॉण्ड भी इसलिए अधिक बड़ा मुद्दा नहीं बन पा रहा कि कमोबेस सभी दलों को चंदा मिला है। किसी ने भी इस तरह से चंदा लेने से ना नहीं किया। दूसरी और जहां तक आमआदमी का प्रश्न है।

# रूसी तेल पर प्राइस कैप का पालन करे भारत, अपील के लिए दो अमेरिकी अधिकारी भारत में



## 2 से 5 अप्रैल के बीच नई दिल्ली और मुंबई की यात्रा कर रहे

**नई दिल्ली।** अमेरिकी वित्त विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि आतंकवाद के वित्तपोषण के कार्यवाहक सहायक मंत्री अन्ना मॉरिस और आर्थिक नीति के लिए पीडीओ सहायक मंत्री एरिक वान नॉस्ट्रैंड सरकारी और निजी क्षेत्र के समकक्षों से मिलने के लिए 2 से 5 अप्रैल के बीच नई दिल्ली और मुंबई की यात्रा कर रहे हैं। अमेरिका के दो वरिष्ठ वित्तीय अधिकारी रूस से तेल खरीद के मामले में रूस के मुनाफे को सीमित करने के उद्देश्य से प्राइस कैप को बनाए रखने की अपील करने के लिए भारत में हैं। उनका उद्देश्य स्थिर वैश्विक ऊर्जा बाजारों को बढ़ावा देना है। अमेरिकी वित्त विभाग ने बुधवार को एक बयान में कहा कि आतंकवाद के वित्तपोषण के कार्यवाहक सहायक मंत्री अन्ना मॉरिस और आर्थिक नीति के लिए पीडीओ सहायक मंत्री एरिक वान नॉस्ट्रैंड सरकारी और निजी क्षेत्र के समकक्षों से मिलने के लिए 2 से 5 अप्रैल के बीच नई दिल्ली और मुंबई की यात्रा कर रहे हैं। बयान में कहा गया है, वे प्रमुख द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे जिसमें धनशोधन के खिलाफ सहयोग और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करना, अन्य अवैध वित्तीय मुद्दे और मूल्य सीमा का कार्यान्वयन शामिल है। इसका लक्ष्य स्थिर वैश्विक ऊर्जा बाजारों को बढ़ावा देते हुए रूस को अपने अवैध आक्रमण के वित्तपोषण के लिए प्राप्त होने वाले मुनाफे को और सीमित करना है।

# वीकली एक्सपायरी के दिन बाजार में हरियाली लौटी, सेंसेक्स 500 अंक चढ़ा, निफ्टी 22500 के पार



**नई दिल्ली।** वित्तीय वर्ष 2024-25 के पहले वीकली एक्सपायरी के दिन घरेलू शेयर बाजार में नया रिकॉर्ड बन गया है। दो दिनों की गिरावट के बाद शेयर बाजार में हरियाली लौट आई। गुरुवार को प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी फिर रिकॉर्ड स्तर पर कारोबार करते दिखे। इस दौरान सेंसेक्स 500 अंक उछलकर 74,400 के पार पहुंच गया। दूसरी ओर निफ्टी भी पहली बार 22,600 के स्तर पर पहुंचा। मिले-जुले वैश्विक रुख और तिमाही नतीजों की घोषणा से पहले प्रमुख शेयरों में लिवाली बढ़ने से सेंसेक्स और निफ्टी गुरुवार को हरे निशान पर कारोबार करते दिखे। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 497.06 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,373.88 अंक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 144.70 अंक या 0.64 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,579.35 अंक की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। पिछले दो सत्रों में दोनों सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए थे।

मेटल और बैंकिंग सेक्टर में खरीदारी से बाजार को सपार्ट मिला। निफ्टी में एचडीएफसी बैंक टॉप गेनर, जबकि इंडसइंड बैंक टॉप लूजर के रूप में कारोबार करता दिखा। इससे पहले बुधवार को सेंसेक्स 27 अंक फिसलकर 73,876 के स्तर पर बंद हुआ था। बाजार की चाल पर जानकार क्या कह रहे? जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि वैश्विक और घरेलू संकेतों से पता चलता है कि आने वाले दिनों में बाजार मजबूत होने की संभावना है और चौथी तिमाही के परिणाम आना शुरू होने पर बाजार पर इसका असर दिखने लगे। इसलिए, चौथी तिमाही का परिणाम एक क्षेत्रीय और स्टॉक-विशिष्ट दृष्टिकोण से बाजार के लिए अगला प्रमुख ट्रिगर होगा। उन्होंने कहा बाजार को वाहन, पूंजीगत वस्तुएं, दूरसंचार और चुनिंदा फार्मास्युटिकल्स से अच्छे परिणाम की उम्मीद है।

### एक अप्रैल को भी ऑल टाइम हाई पर पहुंचा था बाजार

इससे पहले सेंसेक्स एक अप्रैल को 74,254.62 अंक के उच्च स्तर पर पहुंचा था। इसके बाद यह 74,014 पर बंद हुआ था। इसी दिन निफ्टी भी 22,462 के अपने सर्वोच्च स्तर पर पहुंच गया था। बंबई शेयर बाजार का 50 शेयरों वाला सेंसेक्स दिन में कारोबार के दौरान 22,529.95 अंक के उच्चस्तर को छू गया था। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचडीएफसी बैंक, एनटीपीसी, पावरग्रिड, टाटा स्टील और एक्सिस बैंक के 28 शेयर बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार करते दिखे। वहीं इंडसइंड बैंक और आईसीआईसीआई बैंक लाल निशापर करोबार करते दिखे। गुरुवार को 50 शेयरों वाले एनएसई निफ्टी पर 46 शेयर हरे निशान पर कारोबार करते दिखे।

## राशिफल

**मेष:** कुछ बातों को लेकर या किसी निर्णय को लेकर असमंजस में रह सकते हैं कि यह काम किया जाए या नहीं। इस भ्रम की स्थिति से बाहर निकलने की कोशिश करें

**वृष:** आप दोनों के रिश्ते में स्थिरता आने की संभावना है। अगर कोई समस्या है तो आप उसे बहुत ही समझदारी से हल करने का प्रयास करेंगे।

**मिथुन:** आज के ग्रह नक्षत्र संकेत देते हैं कि प्रेम संबंधों में परेशानी आने वाली है। इस मुसीबत को खुद ही बुला लिया होगा।

**कर्क:** स्थिर रिश्ते का अभाव देखा जा सकता है। जब आप आगे बढ़ रहे हों तो आपको पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिए।

**सिंह:** जिस मोड़ पर आप रिश्ते में हैं, आगे बढ़ने के योग हैं, यानी आपके प्रेम-जीवन का एक चरण समाप्त होने के बाद दूसरे चरण में प्रवेश करने के योग बन रहे हैं।

**कन्या:** अपने प्रेमी के जीवन में जो भी कदम आगे बढ़ाना चाहते हैं, उसे बिना सोचे समझे न लें। यह समझने की कोशिश करें कि कुछ तो है जो आगे बढ़ने से रोक रहा है।

**तुला:** आप दोनों के बीच तीखी बहस होने की संभावना है, जिसका कोई आधार नहीं होगा। आप दोनों एक दूसरे की कमियां ढूंढने में समय बर्बाद करेंगे।

**वृश्चिक:** प्रेम संबंधों को लेकर दिन बिल्कुल भी अच्छा या आपके पक्ष में नहीं कहा जा सकता है। प्रेमी के जीवन में आपकी पीठ में छुरा घोंपने की संभावना है।

**धनु:** प्रेम संबंधों को सुधारने की जरूरत है ताकि एक बार फिर उनमें प्यार के रंग भर जाए। आप रिश्ते को पटरी पर लाने की पूरी कोशिश करेंगे।

**मकर:** अगर आप चिंतित हैं तो आपको अपने प्रेमी के साथ कुछ समय बिताना चाहिए और प्यार भरी चीजों का आनंद लेना चाहिए।

**कुंभ:** यदि प्रेमी के जीवन में किसी प्रकार की उथल-पुथल चल रही है तो आज सब कुछ शांत होने की संभावना है। आप दोनों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल बनेगा।

**मीन:** लव अफेयर को लेकर दिन मिलाजुला रहेगा क्योंकि आप दोनों अपने निजी कामों में व्यस्त हो सकते हैं। आप अपने काम के लिए एक दूसरे से सलाह भी ले सकते हैं।

## चुटकुले

लड़कियों का क्या है...
वो तो यूट्यूब पर रेसिपी देखकर पानीपुरी, मोमोज सब बना लेंगी...!
असली परेशानी तो लड़कों को है, जिन्हें रजनीगंधा की रेसिपी ही नहीं मिल रही...!

पहला प्यार अपने आप हो जाता है...!
फिर दूसरा पहला वाला भुलाने के लिए...
फिर तीसरा-चौथा...
बस आदत सी हो जाती है...!

आजकल के लड़के...
पापा का फोन कुछ सेकेंड के बाद उठाते हैं...
ताकि उन्हें ये ना लगे कि मोबाइल उनके हाथ में ही था...!

पप्पू ने अपनी गर्लफ्रेंड से कहा...
मुझे वो दो, जिसका मैं हकदार हूं...
फिर क्या...
लड़की ने धोखा दे दिया...!

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक ऑक्टोपस के तीन दिल होते हैं।
- सींग वाली छिपकलियां खुद को बचाने के लिए अपनी आँखों से बाहर खून फेंक सकतीं हैं।
- हाथी केवल प्रत्येक दिन 2 से 3 घंटे सोते हैं।
- डॉलफिन एक समय में अपने मस्तिष्क के केवल आधे हिस्से के साथ सोते हुए 15 दिनों या उससे अधिक समय तक सक्रिय रह सकते हैं।
- अरे दोस्तों, अगली बार जब आप एक पेड़ की छाया का आनंद ले रहे हों, तो आप गिलहरी का शुक्रिया अदा करना बिलकुल ना भूलें। लाखों पेड़ों को गलती से गिलहरी द्वारा ही लगाया जाता है, जो नट्स को जमीन में दफन करते हैं और फिर भूल जाते हैं कि उन्हें कहाँ छिपा दिया गया था।
- कुछ साँप दो साल तक भोजन के बिना जीवित रह सकते हैं।
- साँप हर साल 10,000 लोगों को मारते हैं।
- एक चींटी विद्रोह से सावधान रहें! दुनिया में हर इंसान के लिए दस लाख चींटियां हैं। ये लचीले प्राणी कभी भी सोते नहीं हैं और इनके फेफड़े भी नहीं होते हैं।

05 04 2024

## आज के जन्मदिन

करंट क्राइम परिवार की ओर से आपको जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं



सेलेब्रिटी जन्मदिन



रश्मिका मंदाना




रोहित शर्मा


शिवाय शर्मा


शिल्पी गर्ग


रीतू मोहित चौधरी प्रजापति


राघव बंसल


बलराम रावल


हिमांशु कुमार लोधी


जगत नारायण


सुभाष गिरी


हरेन्द्र चौधरी


संदीप यादव


संतोष शर्मा


अमन प्रताप


मयंक शर्मा


रविन्द्र नामर


रामप्रकाश निर्मल


संतोष शर्मा


आसिफ सिद्धिकी


सोम गिरी

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# दिल्ली के खिलाफ नरेन- अंगकृष और रसेल ने की छक्कों की बारिश, रचा इतिहास

**विशाखापत्तनम।** आईपीएल 2024 के 16वें मैच में शायद ही किसी ने सोचा होगा कि कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम रनों का अंबार लगा देगी। विशाखापत्तनम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सुनील नरेन, 18 साल के युवा भारतीय बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी और आखिर में आंद्रे रसेल ने जिस तरह की बल्लेबाजी की, दिल्ली के गेंदबाजों के पसीने छूट गए। इन तीनों ने और रिंकू सिंह ने चौके-छक्कों की जमकर बारिश की और स्टेडियम में मौजूद फैंस का जमकर मनोरंजन किया। कोलकाता ने साथ ही आईपीएल इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर भी बना दिया। हालांकि, एक वक्त ऐसा लगा था कि सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड भी टूट जाएगा, लेकिन 20वें ओवर में इशांत शर्मा की सधी हुई गेंदबाजी ने ऐसा होने से रोक दिया। आइए जानते हैं इस मैच में कौन-कौन से रिकॉर्ड बने...



### पावरप्ले में सबसे ज्यादा रन

कोलकाता ने शुरूआती छह ओवर यानी पावरप्ले में एक विकेट गंवाकर 88 रन बना लिए थे। यह इस सीजन अब तक का पावरप्ले का सबसे बड़ा स्कोर है। वहीं, यह कोलकाता के लिए पावरप्ले का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले 2017 में इस टीम ने बेंगलुरु के खिलाफ छह ओवर में बिना विकेट गंवाए 105 रन बनाए थे। यह दिल्ली के खिलाफ आईपीएल में सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर भी रहा।

### नरेन ने खेली शानदार पारी

सुनील नरेन ने 39 गेंद में सात चौके और सात छक्के की मदद से 85 रन की तूफानी पारी खेली। यह नरेन द्वारा एक पारी में लगाए गए सबसे ज्यादा छक्के हैं। इससे पहले उन्होंने एक पारी में छह छक्के ही लगाए थे। 85 रन आईपीएल में और टी20 क्रिकेट में नरेन का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत स्कोर है। इससे पहले आईपीएल में उनकी सर्वश्रेष्ठ पारी 75 रन की थी। कोलकाता ने इस मैच में 10 ओवर में एक विकेट गंवाकर 135 रन बनाए। यह आईपीएल में शुरूआती 10 ओवर में बनाए गए तीसरे सबसे ज्यादा रन हैं। सनराइजर्स हैदराबाद ने इसी सीजन 27 मार्च को मुंबई के खिलाफ 10 ओवर में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड अपने नाम किया था। उन्होंने मुंबई के खिलाफ शुरूआती 10 ओवर में दो विकेट गंवाकर 148 रन बनाए थे। वहीं, इसी मैच में मुंबई ने हैदराबाद के खिलाफ शुरूआती 10 ओवर में दो विकेट गंवाकर 141 रन बनाए थे, जो इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर है। अंगकृष ने भी बनाया रिकॉर्ड नरेन और युवा अंगकृष के बीच दूसरे विकेट के लिए 48 गेंद में 104 रन की साझेदारी हुई। यह दिल्ली के खिलाफ कोलकाता के लिए दूसरे विकेट के लिए दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले 2017 में गौतम गंभीर और रॉबिन उथप्पा ने ईडन गार्डेंस में दिल्ली के खिलाफ दूसरे विकेट के लिए 108 रन की साझेदारी की थी। अंगकृष रघुवंशी ने 27 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 54 रन की पारी खेली। यह आईपीएल में उनकी पहली पारी है और उसमें ही उन्होंने अर्धशतक जड़ा। वह कोलकाता के लिए आईपीएल में अर्धशतक लगाने वाले दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। इस वक्त उनकी उम्र 18 साल 303 दिन की रही। वहीं, पहले नंबर पर शुभमन गिल हैं। उन्होंने 2018 में कोलकाता के लिए 18 साल 237 दिन की उम्र में अर्धशतक जड़ा था।

# क्या मुंबई के कप्तान के तौर पर वापसी करेंगे रोहित? इन दो दिग्गजों ने रखी राय

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस में हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाने के बाद सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। रोहित शर्मा को हटाकर हार्दिक को कप्तानी देने के फैसले पर टीम की काफी किरकरी हुई। यह मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि मुंबई के लिए इस सीजन की शुरूआत बेहद खराब रही और टीम को लगातार तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा। कई मौकों पर हार्दिक की हूटिंग की गई। इन सबके बाद इस बारे में चर्चा शुरू हो गई है कि क्या रोहित शर्मा एक बार फिर मुंबई की संभालेंगे? या टीम प्रबंधन हार्दिक के नेतृत्व में ही आगे बढ़ेगा। इसे लेकर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एडम गिलक्रिस्ट और इंग्लैंड के पूर्व खिलाड़ी माइकल वॉन ने अपनी राय रखी। भारतीय फैंस का अपने खिलाड़ी को बू करते देख चौंक गए वॉन वॉन और गिलक्रिस्ट के बीच एक कार्यक्रम के दौरान मुंबई इंडियंस में चल रहे विवाद को लेकर चर्चा हुई। इस दौरान वॉन ने कहा, मैंने कभी भारतीय दर्शकों को उनके खुद के खिलाड़ी को बू करते नहीं देखा। यह अद्भुत दृश्य था। मैं यह जरूर कहूंगा कि भारतीय प्रशंसक क्रिकेट से बेहद प्यार करते हैं और मैंने उन्हें कभी बू करते नहीं देखा। मैंने कभी उन्हें अपने खिलाड़ियों के लिए तो ऐसा करते बिलकुल भी नहीं देखा। जब उन्हें अहमदाबाद में बू किया जा रहा था तब मैंने उसे देखा। बड़ी बहस का विषय यह है कि क्या रोहित शर्मा कप्तान के तौर पर वापसी करेंगे? इसने भारत में काफी ड्रामा किया हुआ है। 'हार्दिक को कप्तानी देने से सभी चकित थे' गिलक्रिसट ने कहा, रोहित शर्मा का वहां क्या स्टेटस है वो दिखाता है। हार्दिक पांड्या को गुजरात से ट्रेड कर मुंबई में वापस लाने और फिर रोहित को कप्तानी से हटाने से सभी चकित थे। यह अजीब था, लेकिन आईपीएल का यही स्वभाव है। फैंस की आक्रमकता इसी तरह होती है, इस स्तर की तीव्रता कहीं और देखने नहीं मिल सकती। रोहित के मुंबई इंडियंस छोड़ने की खबर हार्दिक और रोहित के बीच चल रहे कप्तानी विवाद को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। ऐसी चर्चा चल रही है कि रोहित हार्दिक की कप्तानी से नाराज हैं और वह इस सीजन के बाद मुंबई इंडियंस का साथ छोड़ देंगे।



# रोनाल्डो ने 72 घंटे में ली दूसरी हैट्रिक, अल नासेर ने अभा पर 8-0 से दर्ज की जीत

**नई दिल्ली।** पुर्तगाली स्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने 72 घंटे के अंतराल में दूसरी हैट्रिक लगाकर अपने क्लब अल नासेर को सऊदी प्रो लीग में अभा पर 8-0 से बड़ी जीत दिलाई। पांच बार के बैलन डि ओर विजेता रोनाल्डो ने मुकाबले में तीन गोल किए और दो गोल करने में सहायता की। रोनाल्डो ने तीनों गोल पहले हाफ में दागे। नौ बार की सऊदी अरब चैंपियन अल नासेर के लिए इस सत्र में रोनाल्डो की यह तीसरी हैट्रिक है। 29 गोल कर सऊदी लीग में शीर्ष गोल स्कोरर हैं रोनाल्डो शनिवार को उन्होंने अल ताई पर 5-1 से मिली जीत में भी हैट्रिक लगाई थी। लीग के इस सत्र में उनके कुल 29 गोल हो गए हैं। वह लीग में इस वक्त शीर्ष गोल स्कोरर हैं। उनसे पीछे लीग में शीर्ष पर चल रहे अल हिलाल के अलेक्जेंडर मित्रोविच हैं। उन्होंने 22 गोल किए हैं, लेकिन चोट के कारण वह पूरे सत्र से बाहर हो चुके हैं। क्रिस्टियानो ने माने के गोल में की मददअल नासेर अभी भी दूसरे स्थान पर है और अल हिलाल से 12 अंक पीछे है, जबकि आठ मैच लीग में अभी खेले जाने बाकी हैं। रोनाल्डो के पहले दो गोल फ्री किक पर आए। 11वें मिनट में उन्होंने जमीनी शॉट लगाकर गोल भेदा। 10 मिनट बाद उन्होंने खिलाड़ियों की दीवार के ऊपर से बाएं छोर से किक लगाकर गोल किया। उन्होंने फिर सादियो माने के गोल में मदद की। पहला हाफ खत्म होने से तीन मिनट पहले रोनाल्डो ने अपनी हैट्रिक पूरी की। हालांकि मध्यांतर के बाद वह मैदान पर नहीं उतरे। दूसरे हाफ में हुए तीन गोल अलसुलाहिम ने पहले हाफ से एक मिनट पहले गोलकर अल नासेर की बढ़त 5-0 की। सुलेमान ने यह गोल भी रोनाल्डो के पास पर किया। रोनाल्डो के मैदान पर नहीं होने के बावजूद नासेर ने दूसरे हाफ में भी गोल किए। अब्दुलरहमान गरीब ने छठा गोल किया, जबकि स्थानापन्न अब्दुलअजीज अल अलाइवा ने बाकी दो गोल किए।



# 'पहले से पता था हारने वाले हैं', दिल्ली की हार के बाद इस दिग्गज ने पंत को निशाने पर लिया

**नई दिल्ली।** ऋषभ पंत ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ आईपीएल 2024 के मुकाबले में अर्धशतक जड़कर टीम को पहाड़ जैसे बड़े लक्ष्य तक पहुंचाने में मदद की थी, लेकिन उनके आउट होते ही दिल्ली कैपिटल्स की पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बाद दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कप्तान वीरेंद्र सहवाग ने पंत को निशाने पर लिया। केकेआर ने दिया था विशाल लक्ष्य कोलकाता ने दिल्ली के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी की और दिल्ली के सामने 273 रनों का लक्ष्य रखा। केकेआर के लिए सुनील नरेन, अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल ने धुंआधार बल्लेबाजी की। जवाब में पंत ने 25 गेंदों पर 55 रनों की पारी खेली और इस टूनार्मेंट में लगातार दूसरा अर्धशतक जड़ा। इससे पहले पंत ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ भी पचासा जड़ा था। 903 दिनों के बाद उनके बल्ले से अर्धशतक निकला था। दिल्ली के कप्तान पंत कार दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिस कारण 15 महीने तक क्रिकेट के मैदान से बाहर थे। उन्होंने आईपीएल के मौजूदा सीजन से ही मैदान पर वापसी की और पिछले दो मैचों में बल्ले से जलवा बिखेरा। पंत के विकेट गंवाने से निराश हैं सहवाग सहवाग ने कहा, हां, पंत की पारी अच्छी थी, लेकिन उन्होंने पहले दो मैचों में रन नहीं बनाए और अब जब रन बनाए तो अपना विकेट गंवा बैठे। पंत को टिकना चाहिए था और शतक बनाना था तथा नाबाद 110 या 120 की पारी खेलनी चाहिए थी। पंत ने अच्छी वापसी और वह फॉर्म में भी लौट आए तथा शानदार स्ट्राइक रेट से रन भी बना रहे हैं। पहले ओवर से ही पता था कि हारने वाले हैं और जीतेंगे तो नहीं। यह ऐसा समय होता है जब आप बल्लेबाजी अभ्यास कर सकते हो। नेट्स पर जाने से अच्छा है कि आप यहीं 20 गेंद अतिरिक्त खेलो। इससे आप अभ्यास को मिस कर सकते हो सीधे अगले मैच में बल्लेबाजी के लिए उतर सकते हो। टूनार्मेंट के चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं पंत पंत आईपीएल के मौजूदा सीजन में चार पारियों में 38 के औसत और 158.33 के स्ट्राइक रेट से 152 रन बना चुके हैं। फिलहाल पंत टूनार्मेंट के चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। अपनी प्रभावशाली पारियों से पंत ने खुद को टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल होने का मजबूत दावेदार बना लिया है। आईपीएल 2024 के ठीक बाद जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज की कप्तानी में टी20 विश्व कप का आयोजन होना है। पंत ने भले ही अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया है, लेकिन उनकी कप्तानी बेहतर नहीं रही है। दिल्ली कैपिटल्स को इस सीजन अबतक खेले चार में से तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है और टीम प्लेऑफ में पहुंचने की दौड़ में फिलहाल पिछड़ती हुई दिख रही है।



# ईशांत की यॉर्कर पर चारों खाने चित हुए रसेल, मुंह के बल गिरे, आउट होने के बाद दिया ऐसा रिएक्शन



**विशाखापत्तनम।** दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच बुधवार की शाम आईपीएल 2024 का 16वां मुकाबला खेला गया। इसमें ईशांत शर्मा को दिल्ली के लिए घातक गेंदबाजी करते देखा गया। उन्होंने अपनी खतरनाक यॉर्कर से आंद्रे रसेल को चारों खाने चित कर दिया। वह मैदान पर मुंह के बल गिर पड़े। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता ने दमदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 20 ओवर में सात विकेट खोकर 272 रन का स्कोर तैयार किया, जो आईपीएल के इतिहास का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। वहीं, इससे पहले मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेले गए मैच में पैट कमिंस की टीम ने 277 रन का विशाल स्कोर तैयार किया था। ईशांत की यॉर्कर पर बिगड़ा रसेल का संतुलन कोलकाता की पारी का 20वां ओवर ईशांत शर्मा ने किया। इस दौरान उन्होंने घातक गेंदबाजी की। ओवर की पहली गेंद यॉर्कर फेंकी जिस पर रसेल अपना संतुलन खो बैठे और मैदान पर चारों खाने चित होकर गिर पड़े। उन्होंने यह गेंद बिल्कुल भी समझ नहीं आई और वह आउट हो गए। इसके बाद वेस्टइंडीज के स्टार बल्लेबाज उठे और बल्ले से ताली मारकर खुद इस गेंद की तारीफ की। उन्होंने 19 गेंद में चार चौके और तीन छक्के की मदद से 41 रन बनाए। इस ओवर की तीसरी गेंद पर इशांत ने रमनदीप को चलता किया। वह दो रन बना सके। कोलकाता ने दर्ज की लगातार तीसरी जीत कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2024 के 16वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 106 रन से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 272 रन बनाए थे। जवाब में दिल्ली की टीम 17.2 ओवर में 166 रन पर सिमट गई। यह दिल्ली की चार मैचों में तीसरी हार है। वहीं, कोलकाता ने जीत की हैट्रिक लगाई है। टीम ने अब तक अपने सभी तीनों मुकाबले जीते हैं। अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंची केकेआर इस जीत के साथ कोलकाता की टीम छह अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है।



# 'मैं चाहता हूं कि तुम 6-15 ओवर के बीच..', आरसीबी की हार से नाराज दिग्गज ने विराट को दी खास सलाह

**जयपुर।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए आईपीएल का 17वां सीजन अब तक कुछ खास नहीं रहा है। फाफ डुप्लेसिस की अगुवाई में टीम को चार में से सिर्फ एक मैच में जीत मिली है। अब बेंगलुरु का सामना राजस्थान रॉयल्स से जयपुर में होगा। छह अप्रैल को खेले जाने वाले मुकाबले में आरसीबी जीत के रथ पर सवार राजस्थान को रोकने के लिए खेलती नजर आएगी। बेंगलुरु दो अंकों के साथ अंक तालिका में आठवें स्थान पर है जबकि छह अंकों के साथ राजस्थान दूसरे पायदान पर पहुंच गई है। इस मैच से पहले पूर्व दिग्गज बल्लेबाज ने विराट कोहली से खास सलाह दी है।





एबी डिविलियर्स ने स्टार बल्लेबाज से बीच के ओवरों में क्रीज पर मौजूद रहने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि फ्रेंचाइजी को उनकी जरूरत है। अगर वह बीच के ओवरों में मौजूद रहते हैं तो आरसीबी निश्चित ही विरोधी टीम के खिलाफ अपना संतुलन बरकरार रखने में कामयाब होगी। पूर्व कप्तान ने आरसीबी के लिए अब तक खेले चार मैचों में दो अर्द्धशतकों के साथ 203 रन बनाए हैं। वह इस लीग में अब तक सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। कोहली के पास ऑरेंज कैप है।

### डिविलियर्स ने की यह मांग

विराट कोहली के अलावा टीम के अन्य बड़े खिलाड़ी जैसे कप्तान फाफ डु प्लेसिस, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार अब तक कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। यही वजह है कि डिविलियर्स ने किंग कोहली को 6-15 ओवर के बीच क्रीज पर मौजूद रहने की सलाह दी है। डिविलियर्स ने कहा, उम्मीद है, वह (विराट) अपनी अच्छी शुरूआत जारी रखेंगे, क्योंकि आरसीबी को बीच के ओवरों में उनकी जरूरत है। हमें पहले छह (ओवरों) में उसकी जरूरत है, जो अंततः है। फाफ को पहले से अधिक जोखिम उठाने दीजिए, लेकिन विराट, मैं चाहता हूं कि आप 6-15 के बीच वहां मौजूद रहें, तभी आरसीबी पूरी तरह से आक्रामक हो जाएगी।

### डिविलियर्स का करियर

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी ने 2011-2021 तक आरसीबी का प्रतिनिधित्व किया। 157 मैचों में उन्होंने 41.10 की औसत से 4,522 रन बनाए। उनके नाम दो शतक और 37 अर्द्धशतक दर्ज हैं। वह वेस्टइंडीज के अन्य दिग्गज क्रिस गेल और भारतीय तेज गेंदबाज विनय कुमार के साथ आरसीबी 'हॉल ऑफ फेम' का भी हिस्सा हैं।

# हार्दिक की कप्तानी से नाराज रोहित लेंगे यह बड़ा फैसला, मुंबई इंडियंस को लग सकता है झटका

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस में कप्तानी विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा मुंबई की कमान संभाल रहे हार्दिक पांड्या की कप्तानी से खुश नहीं बताए जा रहे हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि रोहित आईपीएल के मौजूदा सीजन के बाद मुंबई फ्रेंचाइजी को अलविदा कह देंगे। रोहित अपनी कप्तानी में मुंबई को पांच बार आईपीएल का खिताब दिला चुके हैं और इस फ्रेंचाइजी के साथ 2011 से ही जुड़े हुए हैं।

### मुंबई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं रोहित

रोहित शर्मा को मुंबई ने 2011 में 9.2 करोड़ रुपये देकर टीम में शामिल कराया था। रोहित ने 201 मैचों में 5110 रन बनाए हैं और वह लंबे समय तक टीम के कप्तान रहे थे। इसके बावजूद मुंबई फ्रेंचाइजी ने 2024 सीजन के लिए रोहित की जगह हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया। टीम के इस फैसले से सभी चकित हुए और इसे लेकर असंतोष भी उभरा। अब बताया जा रहा है कि रोहित हार्दिक की कप्तानी से नाराज हैं और कोई बड़ा फैसला ले सकते हैं।

### ड्रेसिंग रूम में हुई थी अनबन

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हार्दिक की कप्तानी से रोहित नाराज हैं और इसे लेकर ड्रेसिंग रूम में दोनों की अनबन भी हुई थी। इस सीजन मुंबई इंडियंस की शुरूआत अच्छी नहीं रही है और टीम को अपने पहले तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। मुंबई की टीम अबतक खाता भी नहीं खोल सकी है और अंक तालिका में सबसे नीचे 10वें स्थान पर चल रही है। सूत्रों के अनुसार, कई निर्णय को लेकर दोनों के बीच बहस हुई जिससे ड्रेसिंग रूम में टीम के लिए बेहतर माहौल नहीं बन पा रहा है।



### पहले मैच से ही दिखने मिला टकराव

मुंबई इंडियंस टीम पहले ही मैच से बंटी हुई नजर आ रही है। टीम का इस सीजन का पहला मुकाबला अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के खिलाफ हुआ था। इस मैच के दौरान कई मौकों पर रोहित और हार्दिक में अनबन देखने मिली। हार्दिक मैच के दौरान बार-बार रोहित की फील्डिंग पोजिशन में बदलाव करते दिखे थे।

### कहां से शुरू हुआ विवाद?

सीजन के लिए हुई मिनी नीलामी से पहले ही मुंबई इंडियंस ने हार्दिक को गुजरात से ट्रेड किया। हार्दिक की दोबारा टीम में वापसी हुई, लेकिन मामला तब बिगड़ा जब टीम प्रबंधन ने पांच बार अपनी कप्तानी में मुंबई को चैंपियन बनाने वाले रोहित की जगह हार्दिक को अपना कप्तान नियुक्त किया। इस फैसले ने दर्शकों को चकित कर दिया। रोहित के फैंस उन्हें कप्तानी से हटाए जाने से नाराज थे। हार्दिक ने इस दौरान अपनी कप्तानी में कुछ गलतियां भी की। इस कारण बार-बार हार्दिक हूटिंग का शिकार हो रहे हैं। हालांकि पिछले मैच के दौरान रोहित हार्दिक के बचाव में आए थे और उन्होंने दर्शकों से हार्दिक की हूटिंग नहीं करने की अपील की थी।

# हार की हैट्रिक लगाने वाली मुंबई इंडियंस के लिए आई खुशखबरी, टीम में लौटेगा दुनिया का नंबर एक बल्लेबाज

**मुंबई।** हार की हैट्रिक लगाने वाली मुंबई इंडियंस की टीम के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की वापसी की तारीख सामने आ गई है। उन्हें नेशनल क्रिकेट एकेडमी ने फिट घोषित कर दिया है और वह जल्द ही इस सीजन अपना पहला मैच खेलते दिखेंगे। सूर्या ने एनसीए में लगभग हर तरह के फिटनेस टेस्ट को पास किया। उनकी वापसी से मुंबई की बल्लेबाजी को मजबूती मिलेगी, जो अब तक एक मैच (सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ) को छोड़कर किसी मैच में नहीं चल पाई है। सूर्यकुमार को पिछले साल चोट लगी थी सूर्यकुमार पिछले साल दक्षिण अफ्रीकी दौरे पर टी20 सीरीज के दौरान चोट लगी थी। इसके बाद उनकी कई सर्जरी हुई थीं। इनमें एक ग्रेड दो के टखने की चोट के लिए और दूसरी स्पोर्ट्स हर्निया के लिए। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से कहा, 'सूर्या ने एक नियमित टेस्ट को छोड़कर बाकी सभी टेस्ट पास कर लिए हैं, जो एनसीए से आरटीपी (रिटर्न टू प्ले) सर्टिफिकेट पाने के लिए अनिवार्य हैं। गुरुवार को एक और टेस्ट होना बाकी है, जिसके बाद स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी।



### सूर्या को बल्लेबाजी में नहीं हो रही परेशानी

सूत्र ने कहा, 'वह आराम से बल्लेबाजी कर रहे हैं और सभी सिमुलेशन कर चुके हैं।' यह पूछे जाने पर कि क्या सूर्यकुमार सात अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस का घरेलू मैच खेल पाएंगे।

## नमो भारत ट्रेन के गोदाम से लाखों का सामान चोरी, रिपोर्ट दर्ज



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नमो भारत ट्रेन के निर्माण कार्य में लगी एक निजी कंपनी के गोदाम से लाखों का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। सिक्योरिटी सुपरवाइजर की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। लार्सन व टूब कंपनी एनसीआरटीसी की नमो भारत ट्रेन के निर्माण कार्य में लगी हुई है। कंपनी में जगह जगह अपने गोदाम बना रखे है। कांस्टिग यार्ड में बने गोदाम को जब चैक किया गया तो वहां से काफी सामान गायब मिला। गोदाम इंचार्ज कोई ठोस जबाव नहीं दे पाया। सिक्योरिटी सुपरवाइजर अजय सिंह ने बताया कि गोदाम से लाखों का सामान गायब है ये चोरी हो गया है। अजय सिंह ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है।

## चुनाव आचार संहिता के कारण नहीं छूटेगा इस बार सीकरी महामाया देवी मेले का ठेका

### झूले व दुकानें भी नहीं सजेंगी, केवल प्रसाद की लगेंगी चुनिंदा दुकानें

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** नगर के सीकरीखुर्द गांव में चैत्र मास के नवरात्र में लगने वाले प्रसिद्ध और पौराणिक महामाया देवी मेले के लिए इस बार लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लगाई गई चुनाव आचार संहिता के कारण ठेके नहीं छोड़े जाएंगे। नवरात्र के दौरान महामाया देवी मंदिर में पूजा अर्चना विधिवत रूप से की जाएगी और वहां आने वाले श्रद्धालुओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सारे इंतजामात पुलिस और प्रशासन करेगा। तहसील मुख्यालय पर अधिकारियों और मेला प्रबंध समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। ठेका नहीं छोड़े जाने से



मेले की रौनक फीकी रह जाएगी। बताते चलें कि गत वर्ष इस मेले में मंदिर चढ़ावा सहित विभिन्न ठेके करीब 4.60 करोड़ रुपए में छोड़े गए थे। उपजिलाधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता ने बताया कि चुनाव आचार संहिता के चलते इस बार मेले का ठेका अभी नहीं छोड़े जाने का निर्णय लिया गया है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद आगामी बचे समय के लिए इस मंदिर का ठेका छोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि 9 अप्रैल से शुरू होने वाले चैत्र नवरात्र में श्रद्धालु मंदिर में पूजा अर्चना कर सकेंगे। प्रसाद और पूजन सामग्री के लिए चुनिंदा दुकानें लगाई जाएंगी। वहां आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए व्यवस्था के पूरे इंतजामात पुलिस और प्रशासन मिलकर करेगो। आठ से ज्यादा स्थानों पर बनने वाली पार्किंग के लिए स्थान चिह्नित किए जाने का कार्य किया जा रहा है। नौ दिन चलने वाले इस मेले में प्रतिवर्ष दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा व उत्तराखंड सहित आसपास क्षेत्र से करीब 15 लाख से अधिक श्रद्धालु आते हैं तथा देवी मां के दर्शन कर पूजा अर्चना करते हैं।

## युवक पर रॉड से हमला, रिपोर्ट दर्ज



**मोदीनगर,करंट क्राइम।** साजिश के तहत महेंद्रपुरी गेट के पास युवक पर दोस्त व उसके तीन साथियों ने लोहे की राड से हमला कर उसे घायल कर दिया। शोर सुनकर जुटी भीड़ देख हमलावर भाग गये और भागते समय उसे रिपोर्ट दर्ज कराने पर जान से मारने की धमकी दी। शिवपुरी निवासी मनोज का पुत्र जोंटी शर्मा ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि दो दिन पूर्व उसके मोबाइल पर उसके दोस्त निवाड़ी रोड निवासी दीपक शर्मा का फोन आया कि महेंद्रपुरी गेट पर आकर मिलो। दोस्त के फोन पर जब वह वहां पहुंचा तो बेवजह उसने गाली गलौच व मारपीट करनी शुरू कर दी। विरोध जताने पर हमलावरों ने उस पर लोहे की राड से हमला बोल दिया, जिससे उसके सिर में काफी चोट आई। इस बीच जोंटी ने अपने भाई सहदेव को फोन कर घटनास्थल पर बुला लिया। झगड़े के दौरान शोर सुनकर भीड़ जमा हो गयी। भीड़ देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गये। घायल जोंटी शर्मा को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि घायल युवक जोंटी शर्मा की ओर से निवाड़ी रोड डिफेंस कालोनी के गौरव चौधरी, दीपक शर्मा व दो अज्ञात के खिलाफ गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश में पुलिस जुट गयी है।

## ट्रैक्टर से खौलता हुआ तारकोल बाइक सवार दो किशोरों पर गिरा

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** ट्रैक्टर के पीछे लगे कम्प्रेसर से खौलता हुआ तारकोल उछलकर बाइक सवार दो किशोरों पर जा गिरा। गंभीर हालात में किशोरों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों के परिजनों ने थाने में तहरीर देकर पुलिस से मामले की जांच कराने की गुहार लगाई है। गोविन्दपुरी स्थित सारा मार्ग पर डेंस कारपेट द्वारा सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माण से पहले सड़क पर तारकोल डाला जा रहा था। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर के पीछे लगे कम्प्रेशर में खोलता हुआ तारकोल जिसका छिड़काव किया जा रहा था कि जब वह सारा मार्ग पर गोविन्दपुरी कॉलोनी में विवेक इंटर



कॉलेज के सामने पहुंचा तो अचानक ट्रैक्टर का पहिया गड्ढे जा गिरा, जिस कारण कम्प्रेशर से तारकोल उछलकर वहां से गुजर रहे बाइक सवार 17 वर्षीय फरमान व 14 वर्षीय असद निवासी गांव सारा के ऊपर गिर गया। तारकोल गिरते ही चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने किसी तरह आग पर काबू पाया और दोनों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। दोनों किशोर गंभीर रुप से घायल हो गए। हालत गंभीर होने पर दोनों को रेफर कर दिया गया है। परिजनों का आरोप है कि किशोर सामान लेने के लिए जा रहे थे। उनका कहना है कि लापरवाही के साथ सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। परिजनों ने मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सड़क निर्माण कार्य में लगे ट्रैक्टर व अन्य सामान को जब्त कर लिया है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों में समझौता कराने का प्रयास चल रहा है। परिजनों ने निर्माण कार्य कर रही कंपनी के विरूद्ध तहरीर दी है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## हनुमानजी की कृपा के बिना श्री राम की भक्ति सम्भव नहीं : अरविन्द भाई ओझा

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** महाराजा अग्रसेन धर्मशाला में हनुमत कथा का आयोजन किया गया। कथा से पूर्व संकीर्तन करते हुए कलश यात्रा निकली गई, जो कथा स्थल से प्रारम्भ होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए कथा स्थल पर समाप्त हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में माता, बहनें उपस्थित रहीं।

कथा व्यास अरविन्द भाई ओझा ने हनुमत कथा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हनुमान जी भगवान शिव के अंश हैं, इसलिए हनुमानजी जिस पर कृपा करते हैं वही श्री राम की भक्ति प्राप्त कर सकता है। आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि हमें जीवन में भावना को बढ़ाना चाहिए, मनुष्य के जीवन में भावना जगने से मानवता जगती है और भावना समाप्त होने से मानव, दानव बन जाता है। हनुमान जी के जीवन के तप के कारण उनकी कथा अमृत कथा हो गयी और भगवन श्री राम स्वयं हनुमान जी की कथा को सुनते हैं। किसी भी व्यक्ति को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए उसके जीवन में उत्साह और दृढ़ इक्छा शक्ति होनी



चाहिए और दोनों हमें हनुमान जी के जीवन में दिखाई देती हैं। इसलिए हमें हनुमान जी का अनुसरण करना चाहिए। सात दिवसीय कथा के प्रथम दिन कथा में मुख्य यजमान सचिन बंसल, भाजपा नेता सतपाल प्रधान, नवेन्द्र गौड़, अमित चौधरी, ललित त्यागी, रोहित अग्रवाल, लोकेश चौधरी, पूर्व सभासद व भाजपा नेता नवीन जायसवाल, पूर्व सभासद निशा जायसवाल, पूनम बंसल, डॉ. आशा राम गर्ग आदि मौजूद रहे।

## ग्राम समाज की भूमि पर अवैध खनन, रिपोर्ट दर्ज



**मोदीनगर,करंट क्राइम।** ग्राम पंचायत की भूमि से अवैध खनन की शिकायत तहसील प्रशासन को की गई है। लेखपाल की जांच में मामला सही पाये जाने पर तीन पट्टेधारक महिला सहित आठ के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। दरअसल एसडीएम डॉ. पूजा गुप्ता को शिकायत मिली थी, कि गांव औरंगाबाद फजलगढ़ में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध खनन कर भूमि को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। हलके के लेखपाल चिरंजीलाल को जांच सौपी गयी, जांच में शिकायत सही पायी गयी। जिसके आधार पर लेखपाल ने भोजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि गांव भोजपुर निवासी महिला सुरेंद्री व यतेंद्रपाल की पट्टे की भूमि पर अवैध खनन कर भूमि को क्षतिग्रस्त किया गया है। इसके अलावा गांव महरौली के नेपाल, राजकुमार, राजेंद्र, राजबाला, वंश तेवतिया, गीता देवी की ग्राम समाज की भूमि पर अवैध खनन कराया जा रहा है। इस भूमि में भी बिना अनुमति के अवैध खनन किया जा रहा है। उधर, ग्रामवासियों का कहना है कि उन्होंने 15 दिन पहले ही तहसीलदार व हलका लेखपाल को इस भूमि से अवैध खनन किए जाने की शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई अब की गयी है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच मे जुट गयी है, वहीं अवैध खनन को लेकर इस कार्रवाई के बाद से खनन माफियाओं में खलबली मच गयी है।

## शातिर ने महिला के खाते से लाखों निकाले

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** एक कॉलोनी की महिला को झाँसे मे लेकर शातिर ने रुपये वापस भेजने के लिये लिंक भेजकर उसकी आड़ में उसके खाते से लाखों रुपए निकाल लिये। ठगी का शिकार हुई महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के मोबाइल नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। साइबर क्राइम की टीम जांच में जुट गयी है। वैशाली एन्क्लेव गोविंदपुरी निवासी प्रदीप शर्मा की पत्नि नेहा शर्मा ने दर्ज करायी रिपोर्ट में बताया है कि उसने गूगल ऐप के जरिये सामान मंगाने के लिये एक कपंनी का मोबाइल नंबर सर्च किया। उस नंबर के जरिये जब उसने सपंर्क साधा तो उसने महिला को झांसे में लेकर उसके व्हाटसअप पर एक लिंक भेजा, लिंक से खाता ऐड होते ही शतिर ने दो बार में एक लाख व साढ़े चार हजार रुपएं निकाल लिये। खाते से रुपए निकलने का मैसेज आते ही महिला ने बैंक के कंट्रोल नंबर पर सूचना दी। शिकायतकर्ता महिला नेहा की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और उक्त मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## आईएमएस यूनिवर्सिटी में हुआ एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस यूनिवर्सिटी के कोर्सेज कैंपस में मैनेजमेंट विभाग द्वारा एचआर कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि डॉ. रूना मैत्रा, पूर्व कंट्री डायरेक्टर एचआर क्लिफोर्ड, विशिष्ट अतिथि पुनीत नाज अरोरा, सीनियर वाइस प्रेजिडेंट एचआर बार्कलेज, विकास यादव, फंक्शन लीडर प्रोडक्ट एंड ट्रांसफॉर्मेशन एवं संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा छात्र.छात्राओं को सम्बोधित करते हुए एआई के महत्व को बताया गया। कार्यक्रम को दो सत्रों में बांटा गया जिनमे वक्ताओं द्वारा विषय पर चर्चा की गयी। प्रथम पैनल डिस्कशन में चर्चा का विषय मेन्टल हेल्थ ऑफ एम्प्लाइज इन द ऐज



ऑफ एआई रखा गया। जिस पर वक्ताओं द्वारा चर्चा की गयी। प्रथम सत्र में वक्ता के रूप में पुनीत राज, सोनिया महाजन, विकास यादव, डॉ. इंदिरा प्रियदर्शनी, आकांक्षा त्यागी, डॉ. ईशा भारद्वाज मौजूद रहे। द्वितीय सत्र का विषय रोल ऑफ ऑटोमेशन इन क्रिएटिंग अ सस्टेनेबल एम्प्लॉयमेंट रखा गया जिसमें सोनिया महाजन एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. गौरी शंकर प्रवक्ता के रूप में मौजूद रहेकार्यक्रम में उपस्थित छात्र- छात्राओं द्वारा प्रश्न पूछे गए जिनके जवाब अतिथियों द्वारा दिए गए। अंत में छात्र. छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। कार्यक्रम का समापन उपस्थित लोगों का धन्यवाद कर किया गया।


## मोदीनगर के युवक को अयोध्या में नशीला पदार्थ पिलाकर कार, नकदी व मोबाइल लूटा



**मोदीनगर,करंट क्राइम।** मोदीनगर निवासी एक युवक को अयोध्या में नशीला पदार्थ पिलाकर कार, नकदी व मोबाइल लूट लिया। युवक दो दिन अयोध्या केपास जंगल में बेहोशी की हालत में पड़ा रहा। होश आने पर पीड़ित ने इसकी सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने मोदीनगर थाने पहुंकर पुलिस से शिकायत की लेकिन पुलिस ने उन्हें अयोध्या का मामला बता पल्ला झाड़ लिया। गोविन्दपुरी कॉलोनी निवासी विनोद कुमार ओला कंपनी में टैक्सी चलाकर परिवार का लालन पालन करते हैं। चार दिन पहले उन्हें अयोध्या की बुकिंग मिली। वह अयोध्या में सवारी छोड़कर वापस आ रहे थे। जब वह अयोध्या से बाहर वाले रास्ते पर निकले तो उन्हें दो लोग मिले और कार रुकवा ली। दोनों ने विनोद कुमार की कार बुक करने को कहा। रास्तें में दोनों युवकों ने विनोद को कुछ पीने के लिए दिया। पेय पदार्थ पीते ही विनोद को कुछ पता नहीं रहा। दो दिन बाद जब होश आया तो उन्होंने अपने आप को खेत में पाया। होश आने पर सबसे पहले उन्होंने इसकी जानकारी परिजनों को दी। विनोद कुमार ने परिजनों को बताया कि बदमाश उनकी कार, तीस हजार रुपए की नकदी व मोबाइल लूटकर ले गए गए। सूचना मिलते ही परिजन मोदीनगर थाने पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मोदीनगर पुलिस ने इसे अयोध्या का मामला बताकर वापस भेज दिया। अब परिजन अयोध्या के लिये रवाना हो गये हैं।




## मोदी मैजिक के लिए बनेगा अभेद्य घेरा, हुई गुप्त बैठक



पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारी गुरुवार और शुक्रवार को सुपर पॉवर शो को मैजिक शो में बदलने के लिए अभेद्य सुरक्षा घेरा तैयार करेंगे। इसके लिए सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को कमिश्नरेट के बड़े साहब के आवास पर दोपहर में खास अधिकारियों के साथ गुप्त मीटिंग रखी गई थी। जिसमें ट्रैफिक मैनेजमेंट से लेकर इलाके की सुरक्षा और वीआईपी प्रोटोकॉल के मुताबिक आ रहे अधिकारियों के रुकने और अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल तक लाने ले जाने के लिए गाड़ियों की व्यवस्था का पूरा प्लान बनाया गया है। इसी के साथ पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों ने उस गाड़ी की सुरक्षा और जांच भी कर ली है जिसमें प्रधानमंत्री मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और भाजपा के प्रत्याशी सवार होने वाले हैं। इसी के साथ गुप्त सूत्रों से जानकारी मिली है कि प्रधानमंत्री के पूर्व कार्यक्रम की तरह इस कार्यक्रम को भी हिट बनाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के आईपीएस अधिकारियों के साथ ही अपने-अपने कार्य में महारत रखने वाले एसीपी स्तर के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं कुछ थाना प्रभारियों को भी मजबूत कार्य दिए गए हैं। सूत्र बता रहे हैं कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पुलिस के कई अधिकारी रात दो और तीन बजे तक मीटिंग और मैनेजमेंट में लगे हुए हैं तो वहीं खुफिया और सक्रियता वाले विभाग भी व्हाट्सएप पर पूरा प्लान बना रहे हैं। प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तैनात रहने वाले एसपीजी के अधिकारी और पूरे कार्यक्रम स्थल की रिहर्सल करनी शुरू कर दी गई है ताकि कार्यक्रम में किसी प्रकार का व्यवधान ना आए। इसी के साथ जो लोग प्रधानमंत्री के इर्द-गिर्द पहुंचने सेल्फी और रील बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं उन पर रोड के दोनों ओर ग्रिल और बैरिकेडिंग कर दी जाएगी ताकि उनके मंसूबे कामयाब ना हो सकें। इसके साथ ही सूत्र बता रहे हैं कि दो दिन से कमिश्नरेट में थोड़ी टेंशन बढ़ी हुई है। अधिकारी लेट नाइट वर्क और अर्ली मॉर्निंग मैनेजमेंट में लगे हुए हैं। इन सबके बीच कमिश्नरेट के दो खास अधिकारी भी अपना 100% देने में लगे हुए हैं क्योंकि कार्यक्रम की गुड और बैड रिपोर्ट पेपर उन्हीं की मेज से जा सकता है। कुल मिलाकर सूत्र बता रहे हैं कि शुक्रवार को प्रधानमंत्री की सुरक्षा संभालने वाली सभी एजेंसियों को लेकर कार्यक्रम की फाइनल ब्रीफिंग की जानी है। जिसके बाद वन- टू- वन पुलिस ड्यूटी की तैनाती वाला चार्ट तैयार कर लिया जाएगा।

## दमपति के बीच गहराये विवाद में एक दूसरे पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**मोदीनगर,,करंट क्राइम।** दम्पत्ति के बीच गहराये विवाद में एक दूसरे पक्ष के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। पति ने ससुराल पक्ष के लोगों पर कार में अपहरण कर एक स्थान पर ले जाकर आधा दर्जन से अधिक लोगों पर बंधक बनाकर यातनाएं देने का आरोप लगाया है। वहीं पत्नि की ओर से पति के खिलाफ स्वयं व बेटे के साथ लात-घूसों से मारपीट कर घर से बाहर निकाल देने की रिपोर्ट दर्ज की गयी है। भूपेंद्रपुरी निवासी सचिन का विवाह पीपला गांव निवासी ललिता के साथ हुआ था। दो दिन पूर्व दम्पति के बीच किसी बात को




लेकर विवाद हो गया। विवाद के चलते ललिता ने अपने मायके में फोन कर दिया। आरोप है कि जब बुधवार को सचिन घर से निकलकर आफिस जा रहा था, तभी वैगनआर कार में सवार ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे तिबड़ा रोड पर जबरन खींच कर बैठा लिया, और कार सवार आधा दर्जन लोग उसे हापुड़ के रघुनाथपुर जंगल में ले गये। जहां उसे बंधक बनाकर पीटा गया और यातनाएं दी गईं। दो घंटे बाद उसे कार से लाकर मोदीनगर बस स्टैंड पर धक्का देकर उतार दिया। इस बावत उसने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने इस मामले में सुसराल पक्ष के श्रीपाल, रविंद्र, दिनेश, देवेंद्र, रिंकू व दो अज्ञात के खिलाफ अपहरण कर ले जाने व मारपीट करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है, वहीं दूसरी ओर आरोपी पक्ष की ओर से शिकायतकर्ता की पत्नि ललिता ने भी रिपोर्ट दर्ज करायी है, कि घटना वाले दिन जब वह मंदिर से घर लौटी तो उसके पति सचिन ने उसे गाली गलौच देनी शुरू कर दी। विरोध जताने पर उसने मुझे व मेरे बेटे तनिष्क को लात घूसों से पीटकर घर से बाहर निकाल दिया। 112 पर सूचना देने पर पहुंची पुलिस को देख आरोपी पति भाग निकला। एसीपी ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि दोनों पक्षों की दी तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। दम्पति के बीच विवाद पर दोनों पक्षों की ओर से दर्ज रिपोर्ट के आधार पर जांच करायी जा रही है।

## ससुर पर मारपीट व गाली गलौच का आरोप

**मोदीनगर,करंट क्राइम।** एक महिला ने अपने ही ससुर पर मारपीट व गाली गलौच करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आरोपी ससुर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गोविन्दपुरी की डबल स्टोरी निवासी महिला गायत्री देवी ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि उसका तीन वर्षीय बेटा जब घर के बाहर खेल रहा था, तभी उसके ससुर ने उसके साथ मारपीट कर दी, जिसे देख जब उसने विरोध किया तो उन्होंने गाली गलौच करते हुए मेरे साथ भी मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपी ससुर राम सागर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## 60 वर्ग गजेके पैसे लेकर 50 वर्ग गज का बैनामा कर दिया

**लोनी करंट क्राइम।** प्रॉपर्टी डीलर ने दिल्ली के एक व्यक्ति को 60 वर्ग गज का भूखंड बेचकर पूरे पैसे ले लिए और बैनामा लेखक की मदद से उसे धोखे से 50 वर्ग की रजिस्ट्री कर दी। पीडित ने प्रॉपर्टी डीलर से संपर्क का प्रयास किया तो उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया। पीडित ने प्रॉपर्टी डीलर और बैनामा लेखक के विरुद्ध धोखाधडी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। बवाना दिल्ली निवासी करुणा शंकर ने बताया कि उसने लोनी के प्रॉपर्टी डीलर फेसरखान से 21 जौलाई 2023 को एक 60 वर्ग गज का भूखंड लोनी में खरीदा था। जिसके पूरे पैसे देने के बाद फेसरखान ने रामपार्क कॉलोनी स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय में बैनामा लेखक राहुल बंसल से उसका बैनामा करा दिया था, लेकिन जब एक सप्ताह बाद उसे बैनामा के कागजात मिले तो उसमें भूखंड 50 वर्ग गज लिखा हुआ था। उसने फेसरखान से संपर्क का प्रयास किया तो उसका मोबाइल बंद मिला। जिसके बाद उससे संपर्क नही हो पा रहा है। पीडित ने आरोपी प्रॉपर्टी डीलर फेसरखान तथा बैनामा लेखक राहुल बंसल के विरुद्ध धोखाधडी की रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

## युवती के एडिट फोटो वायरल करने की धमकी देकर मांग रहा 50 हजार

**लोनी करंट क्राइम।** एक युवक ने शादी समारोह में आई युवती के धोखे से फोटो खींच लिए। आरोप है कि युवक ने फोटो एडिट कर लिए है तथा उन्हे सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर 50 हजार रुपए की मांग कर रहा है। पीडिता के भाई ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है। ट्रॉनिका सिटी थाने की एक कॉलोनी में रहने वाले युवक ने बताया कि खादर दिल्ली के रहने वाले नफीसा और उसका पति सददाम मुजफ्फरनगर में एक शादी समारोह में मिले थे। इसी दौरान सददाम ने उसकी बहन के कुछ फोटो खींच लिए थे। आरोप है कि सददाने उन फोटों को एडिट कर आपत्तिजनक बना लिया है तथा उन्हे रिश्तेदारों को भेज रहा है। जबकि सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर 50 हजार रुपए की मांग कर रहा है। पीडिता ने भाई ने आरोपी सददाम और उसकी पत्नी नफीसा के विरुद्ध ट्रॉनिका सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

## महिला को मकान दिलाने की कही बात, ठगे पांच लाख रुपए, रिपोर्ट दर्ज




**मुरादनगर(करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में एक महिला से 50 गंज का प्लॉट दिलाने की बात कहकर पांच लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पैसे वापस मांगने पर आरोपी महिला को जान से मारने की धमकी दे रहे है। पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। नगर की बैंक ऑफ बड़ौदा वाली गली कॉलोनी निवासी कल्लो अहरीवाल परिवार सहित रहते है। महिला ने बताया कि काफी समय पहले मेरी मुलाकात एक व्यक्ति से हुई। उक्त व्यक्ति ने बताया कि एक 50 गंज का मकान मिल रहा है, जो सस्ते दाम पर मिल जाएगा। इसके बाद महिला मकान देखने गई तो उन्हें मकान पंसद आ गया। दोनों के बीच 6.80 लाख रुपए में मकान का सौंदा तय हो गया। 26 सितम्बर 2019 को महिला ने उक्त व्यक्तियों को पांच लाख रुपए पेशगी के दे दिए और बाकी रकम बैनामा के समय देने की बात तय हुई। 13 मार्च को महिला को मोदीनगर तहसील में बैनामा करने पहुंच गई, लेकिन वह नहीं आए। सुबह से शाम तक इंतजार करने के बाद महिला अपने घर वापस आ गई और उनसे अपने पांच लाख रुपए वापस मांगे। पैसे वापस मांगने पर आरोपी महिला को जान से मारने की धमकी दे रहे है। महिला ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर प्रेम, रोहित व धर्मवीर सिंह निवासी विजय मंडी कॉलोनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## युवक ने दी मोबाइल लूट की सूचना, पुलिस बोली लगी है आचार संहिता

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र में दिल्ली मेरठ मार्ग पर थाने के सामने गन्ने का जूस बेचने वाले एक युवक से बदमाश मोबाइल लूटकर ले गए। जब पीड़ित थाने में शिकायत करने पहुंचा तो पुलिस बोली आचार सहिता लगी हुई है और अब कोई काम नहीं होगा। चुनाव के बाद तुम्हारी रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। दिल्ली मेरठ मार्ग पर थाने के सामने शंकर विहार कॉलोनी के पास साहिल गन्ने का जूस बेचने का ठेला लगाता है। साहिल गत 29 मार्च को अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। इसी बीच एक युवक आया और उसने समय पूछा। जैसे ही साहिल ने अपना मोबाइल जेब से निकाला और हाथ में लिया तो वह युवक मोबाइल छीनकर फरार हो गया। इसके बाद पीड़ित मोबाइल लूट की सूचना देने के लिए थाने पहुंचा और तहरीर दी।



कई दिन बाद भी जब कोई कार्रवाई नहीं हुई तो वह फिर थाने पहुंचा और पुलिस से मोबाइल बरामद करने को कहा। साहिल ने बताया कि पुलिसकर्मियों ने कहा कि चुनाव आचार सहिता लगी हुई है और अब कोई काम नहीं होगा। चुनाव के बाद आना, तुम्हारी रिपोर्ट दर्ज कर ली जाएगी। पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस के आला अधिकारियों से करने की बात कही है। पुलिस का कहना है कि यदि ऐसा मामला है तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।



रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा

# भारत में रूसी तेल की डिलीवरी लगातार बढ़ रही

## भुगतान संबंधी कोई दिक्कत नहीं

**मास्को।** रूस के विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत में रूसी तेल की डिलीवरी लगातार बढ़ रही है। अब तक भुगतान संबंधी कोई समस्या नहीं आई है। रूसी विदेश मंत्रालय की आधिकारिक प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बुधवार को एक मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को रूसी तेल की आपूर्ति लगातार उच्च स्तर पर बनी हुई है। रूस द्वारा निर्यात किए जाने वाले तेल के लिए भुगतान के साधन निर्धारित करने में कोई समस्या नहीं आती है। भुगतान में प्राथमिकता राष्ट्रीय मुद्राओं को दी गई है।

फरवरी में म्यूनिख शिखर सम्मेलन में जयशंकर ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान भारत ने मॉस्को से तेल खरीदना जारी रखा, जिसके कारण उसे कई बार आलोचना का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि कई विकल्प रखने के लिए भारत की आलोचना नहीं की जानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने रूसी तेल खरीदने के अपने रुख और प्रतिबद्धता की भी पुष्टि की।

**क्या यह समस्या है :** सम्मेलन में भारत की विदेश नीति प्राथमिकताओं के बारे में पूछे जाने पर एस जयशंकर ने कहा था कि क्या यह समस्या है, यह समस्या क्यों होनी चाहिए? अगर मैं इतना स्मार्ट हूं कि कई विकल्पों को रख सकता हूं, तो आपको मेरी प्रशंसा करनी चाहिए। क्या यह दूसरों के लिए एक समस्या है? मुझे ऐसा नहीं लगता है। हम यह समझाने की कोशिश करते हैं कि देशों के बीच क्या-क्या अलग-अलग खींचतान और दबाव हैं।



### भारत ने वैश्विक दाम वृद्धि पर लगाई लगाम

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध के बाद भारत ने रूस से कच्चा तेल खरीदकर कीमतों पर लगाम लगाई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के अनुसार, अगर भारत बड़े पैमाने पर रूस से कच्चे तेल की खरीद नहीं करता तो वैश्विक स्तर पर इसकी कीमतें 30 से 40 डॉलर तक बढ़ सकतीं थीं। साथ ही क्रूड बाजार में अराजकता भी फैल सकती थी। एसएंडपी ग्लोबल के अनुसार, भारत ने रूस और यूक्रेन संघर्ष के दौरान पश्चिमी देशों की ओर से रूस पर लगाए गए प्रतिबंध के दौरान बड़े पैमाने पर कच्चा तेल खरीदा था। रिपोर्ट में अनुमानित करीब 20 लाख बैरल प्रति दिन की खरीदी के आधार पर यह अनुमान लगाया गया है।

जिंदगी को पटरी पर लाने की कवायद

# ताइवान में भूकंप के बाद बचाव कार्य तेज

### दर्जनों बड़ी इमारतें धराशायी हो गईं

### ब्रिज और टनल भी नष्ट हो गए

**ताइपे।** ताइवान में बुधवार की सुबह 7.4 की तीव्रता से भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। यहां 25 वर्षों में आए सबसे भीषण भूकंप में नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि 1,038 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। सूत्रों के अनुसार, भूकंप के कारण 52 लोग लापता भी हो गए हैं। भूकंप के कारण हुए नुकसान के बीच लापता लोगों की तलाश जारी है। पार्क या अन्य जगहों में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों में भेजने के लिए बचावकर्मी ड्रोन और हेलीकॉप्टर के जरिए लोगों की तलाश कर रहे हैं।

हुलिएन और पूर्वी तट के किनारे बचाव कार्य जारी है। यहां भूकंप के झटकों के कारण निचली मंजिलें ढह जाने के कारण दर्जनों इमारतें धराशायी हो गए। ब्रिज और टनल नष्ट हो गए और भूस्खलन के कारण सड़के भी क्षतिग्रस्त हो गईं। बचाल दल के कर्मी हुलिएन शहर में क्षतिग्रस्त इमारतों को गिरा रहे हैं।

### भूकंप के झटके ने ताइपे में चिंता बढ़ा दी

बुधवार को भूकंप के कारण 2.3 करोड़ की आबादी वाले देश में इमारतें झुक गईं, विद्यार्थियों को स्कूल से निकाल कर खेल के मैदान में ले जाया गया। ताइवान के भूकंप निगरानी एजेंसी के अधिकारी कम तीव्रता वाले झटके की उम्मीद कर रहे थे, जिस वजह से अधिकारियों ने अलर्ट जारी नहीं किया था। हालांकि, 7.4 की तीव्रता से भूकंप के झटके ने राजधानी ताइपे में चिंता बढ़ा दी। यहां की इमारते बुरी तरह से हिल गई थी। इसी के साथ दक्षिण जापान और फिलीपींस तक सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई।

इस भूकंप के झटके का अनुभव शेयर करते हुए एक चिनी शिक्षक ने कहा, मैं ऑनलाइन क्लास ले रहा था। भूकंप के झटके के कारण मैं घबरा गया। मैं 1999 के हादसे से गुजर चुका हूं। मुझे मालूम है कि वह कितना डरावना मंजर था। मैंने तुरंत अपन हेलमेट निकाला और टेबल के नीचे खाने पीने की चीजें रखने लगा कि कहीं कुछ अजीब न हो जाए। इससे पहले साल 1999 में ताइवान में तीव्रता से भूकंप आया था, जिसमें 2,400 लोगों की मौत हो गई थी और और 10,000 से अधिक घायल हुए थे।






### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ताइवान त्रासदी पर गहरा दुख जताया



मोदी बोले – ताइवान में भूकंप की घटना से मन दुखी; नौ की मौत, 700 से ज्यादा लोग घायलप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ताइवान में आए भूकंप में जानमाल के नुकसान पर दुख जताया और देश के लोगों के प्रति भारत की एकजुटता व्यक्त की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट साझा करते हुए उन्होंने लिखा, 'आज ताइवान में भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान से बहुत दुखी हूं। शोकाकुल परिवारों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हम ताइवान के लोगों के साथ एकजुटता से खड़े हैं क्योंकि वे सह रहे हैं।

### ताइवान के बाद अब जापान में भूकंप के तेज झटके, 6.3 की तीव्रता से कांपी धरती

**टोक्यो।** ताइवान में मची तबाही के एक दिन बाद गुरुवार को जापान में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 6.3 मापी गई। फिलहाल किसी भी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। इससे पहले ताइवान में 25 वर्षों में आए सबसे भीषण भूकंप में बुधवार को 9 लोगों की मौत हो गई थी और 1000 से ज्यादा घायल हो गए थे।



इस दौरान दो भारतीयों के लापता होने की खबर है, जिनमें एक महिला है। भूकंप निगरानी एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 7.2 थी, जबकि अमेरिकी सर्वेक्षण ने इसे 7.4 बताया। इसके चलते 70 लोग विभिन्न जगहों पर फंस गए। इसका केंद्र हुलिएन में जमीन से 35 किमी नीचे था।

## ताइवान में भूकंप के बाद दो भारतीय लापता



### एक हजार से अधिक घायल 70 लोग इमारतों में ही फंसे

**ताइपे।** ताइवान में 25 वर्षों में आए सबसे भीषण भूकंप में बुधवार को 9 लोगों की मौत हो गई और 1000 से ज्यादा घायल हो गए। दो भारतीयों के लापता होने की खबर है, जिनमें एक महिला भी है।

भूकंप निगरानी एजेंसी ने कहा, भूकंप की तीव्रता 7.2 थी जबकि अमेरिकी सर्वेक्षण ने इसे 7.4 बताया। इसके चलते 70 लोग विभिन्न जगहों पर फंस गए। इसका केंद्र हुलिएन में जमीन से 35 किमी नीचे था।

भूकंप के केंद्र के पास, हुलिएन के पहाड़ी क्षेत्र स्थित कम आबादी वाले पूर्वी काउंटी में सरकारी एजेंसी ने खतरनाक कोणों पर झुकी हुई इमारतों की कई तस्वीरें दिखाईं।

इस दौरान 2.3 करोड़ की आबादी वाले देश में इमारतें झुक गईं, विद्यार्थियों को स्कूल से निकाल कर खेल के मैदान में ले जाया गया। झटकों के चलते भूस्खलन की 24 घटनाएं हुईं तथा 35 सड़कें, पुल और सुरंगे क्षतिग्रस्त हो गईं।

पीएम नरेंद्र मोदी ने ताइवान में आए भूकंप से लोगों की मौत पर शोक जताया और कहा कि भारत दुख की इस घड़ी में ताइवान के लोगों के साथ खड़ा है।

सोशल मीडिया में उन्होंने कहा, आज ताइवान में भूकंप के कारण हुए जानमाल के नुकसान से बहुत दुखी हूं।

## श्रीलंका से चेन्नई वापस लौटे हिरासत में लिए गए 19 भारतीय मछुआरे

**कोलंबो।** श्रीलंका नौसेना द्वारा हिरासत में लिए गए करीब 19 भारतीय मछुआरों को रिहा किए जाने के बाद बुधवार को भारत वापस भेज दिया गया है। भारतीय उच्चायोग ने यह जानकारी दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए भारतीय उच्चायोग ने लिखा, 'घर वापसी! 19 भारतीय मछुआरों को श्रीलंका से वापस लाया गया है और अब वे कोलंबो से चेन्नई जा रहे हैं। खास बात है कि 19 भारतीय मछुआरों की रिहाई कच्चातिवु द्वीप मुद्दे पर विवाद के बीच हुई है, जब भारत की सत्तारूढ़ भाजपा ने 1974 में इस छोटे से द्वीप को श्रीलंका को सौंपने के लिए कांग्रेस पार्टी को दोषी ठहराया था।

### क्या है मामला

गौरतलब है कि श्रीलंकाई नौसेना ने पिछले महीने के अंत में एक बयान में पुष्टि की थी कि 2024 में द्वीप राष्ट्र के जल क्षेत्र पर मछली पकड़ने के लिए 23 भारतीय ट्रॉलर और 178 भारतीय मछुआरों को पकड़ लिया और उन्हें कानूनी कार्रवाई के अधिकारियों को सौंप दिया है।



### मछुआरों का मुद्दा एक विवादास्पद विषय

बता दें मछुआरों का मुद्दा भारत और श्रीलंका के बीच संबंधों में एक विवादास्पद मुद्दा है, यहां तक कि श्रीलंकाई नौसेना के जवानों ने पाक जलडमरूमध्य में भारतीय मछुआरों पर गोलीबारी भी की और श्रीलंकाई क्षेत्रीय जल में अवैध रूप से प्रवेश करने की कई कथित घटनाओं में उनकी नौकाओं को जब्त कर लिया।

**कच्चातिवु को लेकर पीएम मोदी ने लगाए थे आरोप :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा था कि नए तथ्यों से पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी ने कच्चातिवु द्वीप श्रीलंका को सौंप दिया था।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कच्चातिवु द्वीप मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी और सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) की भी आलोचना की। पाक जलडमरूमध्य, तमिलनाडु को श्रीलंका से अलग करने वाली पानी की एक संकीर्ण पट्टी, दोनों देशों के मछुआरों के लिए एक समृद्ध मछली पकड़ने का मैदान है।

## एक और सर्वे में हुई सुनक की हार की भविष्यवाणी

● यूगोव ने कहा- 1997 से भी बुरे होंगे नतीजे



**लंदन।** ब्रिटेन में साल के अंतिम छह महीनों में आम चुनाव हो सकते हैं। इसके संकेत खुद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने दे दिए हैं। हाल के महीनों में ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने मई में चुनाव की संभावना से इनकार कर दिया था और संकेत दिया था कि इस साल के आखिरी में चुनाव कराए जा सकते हैं। इस बीच, एक और सर्वे में चौंकाने वाला दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि आगामी आम चुनाव में ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक की सीट भी खतरे में है।

बुधवार को 18000 लोगों पर किए गए नए सर्वे में कहा गया है कि आगामी आम चुनावों में ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी का इस बार सफाया हो जाएगा। वहीं, इसमें विपक्षी लेबर पार्टी के लेकर कहा गया है कि वह 403 सीटें जीत सकती है। इस नए सर्वे में कहा गया है कि सर्वे से मिले निष्कर्ष बताते हैं कि इस बार होने वाली हार 1997 में पूर्व टोरी प्रधानमंत्री जॉन मेजर के शासनकाल से भी बुरी होगी। जब टोनी ब्लेयर के नेतृत्व वाली लेबर पार्टी ने उन्हें हराया था। तब टोरी पार्टी को 165 सीटों पर जीत मिली थी। वहीं, ब्लेयर ने 659 हाउस ऑफ कॉमन्स सीटों में से 418 सीटें जीतीं थीं।

### बेस्ट फॉर ब्रिटेन के सर्वे में भी हुआ था यही दावा

इससे पहले आए बेस्ट फॉर ब्रिटेन के सर्वे में तो यहां तक कहा गया था कि प्रधानमंत्री सुनक खुद अपनी सीट भी नहीं बचा पाएंगे।

उस सर्वे में कहा गया था कि पता चला है कि देश में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी को इस साल के अंत में होने वाले आम चुनाव में बड़ी हार का सामना करना पड़ सकता है।

## इमरान खान की रिहाई को लेकर होने वाली पीटीआई की रैली रद्द

**इस्लामाबाद।** इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ इस्लामाबाद में 6 अप्रैल को एक विशाल रैली का आयोजन करने वाली थी। अब खबर आई है कि पार्टी ने अपनी ये रैली रद्द कर दी है। पार्टी ने रैली रद्द करने की वजह धार्मिक बताई है। पीटीआई के चेयरमैन बैरिस्टर गौहर अली खान ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि रैली के समय लैलत उल कद्र का दिन पड़ रहा है, जिसकी वजह से पार्टी ने रैली रद्द करने का फैसला किया है। लैलत उल कद्र की रात का रमजान के महीने में विशेष धार्मिक महत्व है।

### तोशाखाना मामले में राहत मिलने के बाद पीटीआई ने रद्द की रैली

हाईकोर्ट ने कहा था कि पीटीआई को रैली करने का अधिकार है और किसी भी पार्टी से उसका ये अधिकार नहीं छीना जा सकता। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने हाल ही में इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में 14 साल की जेल की सजा को बर्खास्त कर दिया था। हाईकोर्ट के इस आदेश के दो दिन बाद ही पीटीआई ने इस्लामाबाद में होने वाली अपनी रैली रद्द कर दी।

इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को बीती 31 जनवरी को तोशाखाना मामले में 14 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। दोनों ने इस सजा को इस्लामाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी।



### हाईकोर्ट ने दी थी रैली की मंजूरी

बैरिस्टर गौहर अली खान ने अपने समर्थकों से अपील की कि वे इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी की रिहाई के लिए दुआ करें। पीटीआई ने इस्लामाबाद के परेड ग्राउंड में इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर विशाल रैली आयोजित करने का एलान किया था। इमरान खान को बीते साल अगस्त में गिरफ्तार किया गया था। पीटीआई ने इस रैली के लिए इस्लामाबाद हाईकोर्ट से मंजूरी भी ले ली थी। इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने भी प्रशासन को पीटीआई की रैली के लिए इंतजाम करने का निर्देश दिया था।

ओपिनियन पोल में किया गया चौंकाने वाला दावा

## बाइडन को पीछे छोड़ते दिखाई दे रहे ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका में नवंबर में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होना है। इसके लिए मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ी टक्कर है। इस बीच सामने आए एक ओपिनियन पोल ने चौंकाने वाला दावा किया है। बताया जा रहा कि बाइडन सात में से छह राज्यों में अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी ट्रंप से पीछे चल रहे हैं।

### पूर्व राष्ट्रपति को यहां पसंद नहीं किया गया था

इतना ही नहीं सर्वे में सामने आया है कि हर राज्य में राष्ट्रपति बाइडन के काम को पसंद नहीं करने वाले ज्यादा लोग हैं।

वहीं, इसके उलट ट्रंप जब राष्ट्रपति थे तब उन्हें केवल एक राज्य एरिजोना में पसंद नहीं किया जाता था। रियल क्लियर पॉलिटिक्स के अनुसार, ट्रंप और बाइडन के बीच कड़ी टक्कर है। प्रमुख राष्ट्रीय सर्वेक्षणों के औसत से पता चलता है कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप बाइडन से 0.8 प्रतिशत अंक आगे हैं।



### छह राज्यों में डोनाल्ड ट्रंप लोगों की पसंद

वॉल स्ट्रीट जर्नल द्वारा कराए गए सर्वे में पता चला है कि मतदाता बड़ी संख्या में राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को लेकर संतुष्ट नहीं हैं। इसके अलावा, यहां के लोगों को बाइडन की क्षमता पर भी संदेह हैं। डोनाल्ड ट्रंप छह राज्यों पेंसिल्वेनिया, मिशिगन, एरिजोना, जॉर्जिया, नेवाडा और नॉर्थ कैरोलिना में दो से आठ प्रतिशत अंकों से आगे चल रहे हैं। हालांकि, विस्कॉन्सिन में बाइडन तीन अंक आगे चल रहे हैं।

### दोनों के बीच कड़ी टक्कर

एक अखबार का कहना है, 'बाइडन और ट्रंप दोनों पिछले महीने आसानी से अपनी पार्टी के संभावित उम्मीदवार बन गए थे, लेकिन प्रत्येक उम्मीदवार को 2020 के मुकाबले में एक लंबे और कठिन अभियान का सामना करना पड़ेगा।'

### ट्रंप देते रहते हैं विवादित बयान

इससे पहले, ओहायो के डायटन में एक रैली को संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था, 'हम सीमा पार आने वाली हर कार पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने जा रहे हैं और अगर मैं चुना जाता हूं तो आप उसे बेच नहीं पाएंगे। अगर अब मैं चुना नहीं जाता हूं तो यहां खून-खराबा होगा। कम से कम यह होगा ही। खून-खराबा देश के लिए होने जा रहा है।'

हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि ट्रंप के इस बयान का क्या आशय था। दरअसल, जिस समय उन्होंने यह चेतावनी दी उस सनय वह पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति वाहन उद्योग के बारे में शिकायत कर रहे थे। एक रिपोर्ट के अनुसार, भीड़ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर वह फिर से चुने जाते हैं तो चीन अमेरिका में आयातित किसी भी वाहन को बेचने में सक्षम नहीं होगा।


## प्रेमी के साथ मिलकर बच्चे का दुष्कर्म करने वाली प्राथमिक स्कूल शिक्षिका पर लगा प्रतिबंध

**लंदन।** ब्रिटेन की जेल में बंद एक पूर्व शिक्षिका को बड़ी सजा सुनाई गई है। अब वह फिर से कभी पढ़ा नहीं सकेगी। उसे स्थायी रूप से शिक्षण पेशे में लौटने से रोक दिया गया है। दरअसल, एक प्राथमिक स्कूल में उप प्रमुख के रूप में काम करने के दौरान शिक्षिका ने एक बच्चे का दुष्कर्म किया था।

### सेफगार्डिंग का काम करती थी

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जूली मॉरिस उस वक्त टाइल्डस्ले में सेंट जॉर्ज सेंट्रल प्राइमरी स्कूल में सेफगार्डिंग लीड के तौर पर काम करती थी, जब उसने अपने प्रेमी डेविड मॉरिस के साथ मिलकर इस कृत्य को अंजाम दिया था।

**टीचिंग रेगुलेशन एजेंसी के पास गया मामला :** मॉरिस को दोषी ठहराए जाने और सजा सुनाए जाने के बाद इस मामले को टीचिंग रेगुलेशन एजेंसी (टीआरए) को भेजा गया था। मामले की समीक्षा के लिए इस साल 19 फरवरी को तीन व्यक्तियों का एक पैनल बुलाया गया था।



### इसलिए लिया फैसला

वहीं, जूली ने कार्यवाही को सार्वजनिक न कराने का अनुरोध किया था। इस पर उसके बिना उपस्थित हुए कार्यवाही हुई। पैनल ने निष्कर्ष निकाला कि मॉरिस की हरकतें 'एक शिक्षक होने के साथ मौलिक रूप से असंगत' थीं। इसके बाद फैसला लिया गया कि वह अब फिर कभी शिक्षण पेशे में नहीं लौट सकती है। पैनल ने एक रिपोर्ट में कहा, 'जूल एक सेफगार्डिंग के तौर पर स्कूल में काम कर रही थीं। इससे उनका अपराध और अधिक चौंकाने वाला है। भले ही स्कूल में इस कृत्य को अंजाम नहीं दिया गया था। मगर उनका काम बच्चों को सुरक्षा देना था।

### फिर से दोहरा सकती है अपमानजनक व्यवहार

यह भी पाया कि अगर मॉरिस फिर से अपने पेशे में लौटती हैं तो फिर वह ऐसे अपमानजनक व्यवहार को दोहरा सकती हैं। उनका फिर से वापस स्कूल में लौटना खतरनाक हो सकता है। साथ ही पैनल ने कहा कि इस बात का कोई सबूत नहीं मिला है कि उससे जबरन ऐसा कृत्य कराया जा रहा था। पैनल में शामिल डेविड ओटले ने रिपोर्ट में कहा, 'उसके खिलाफ साबित हुए आरोपों की गंभीरता को देखते हुए मैंने फैसला किया है कि मॉरिस फिर से पढ़ाने के लिए अपनी पात्रता की बहाली के लिए आवेदन करने की हकदार नहीं होंगी।'

## इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा पहुंचीं नसरतपुरा, धर्माचार्य प्रमुख पं. महेश चंद्र वशिष्ठ का लिया आशीर्वाद






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गुरुवार को इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा अपने जनसंपर्क कार्यक्रम के तहत गाज़ियाबाद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नसरतपुरा पहुंचीं। जनसम्पर्क के क्रम में डॉली शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ बाबा कुंज पहुंच कर धमार्चार्य प्रमुख पं. महेश चंद्र वशिष्ठ का आशीर्वाद और समर्थन प्राप्त किया। उन्होंने इस अपार स्नेह, समर्थन और आशीर्वाद के लिए जय श्री बाबा लालजी के भक्तों का आभार जताया। जनसम्पर्कके दौरान मीडिया प्रभारी कमलेश पांडेय भी साथ रहे।

# प्रधानमंत्री के रोड शो से पहले सिटी में निकला पुलिस और सुरक्षा बलों का फ्लैग मार्च

## कवि नगर थाने से शुरू होकर रजापुर और चिरंजीव विहार तक निकला मार्च




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 6 अप्रैल को रोड शो कर रहे हैं। प्रधानमंत्री के रोड शो और चुनावी सुरक्षा के साथ ही फ्राइडे अलर्ट के को लेकर गुरुवार को सिटी जोन के कवि नगर थानाक्षेत्र में पुलिस और सुरक्षा बाल के जवानों के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। कविनगर थाने से शुरू हुआ फ्लैग मार्च शास्त्री नगर, रजापुर के संवेदनशील इलाकों के बाद शास्त्री नगर और फिर चिरंजीव विहार होता हुआ समाप्त हुआ। इस दौरान कवि नगर थाना प्रभारी योगेंद्र मलिक पुलिस बल और सुरक्षा बल के जवानों के साथ पैदल मार्च में नजर आए। वहीं थाना और इलाके की लैपर्ड और चीता हूटर बजाते हुए अलग-अलग इलाके से निकलीं। इस दौरान सुरक्षा बल के जवान भी हथियारों से लैस होकर मार्च में शामिल रहे। यह कवायत आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक कराने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड शो से पूर्व सुरक्षा व्यवस्था का संदेश देने के लिए किया गया।



## गाजियाबाद के लिए दो चुनाव प्रेक्षक भेजे गये




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मुख्य चुनाव आयोग ने अरुण कुमार सिन्हा को सामान्य प्रेक्षक तथा अनिल कुमार को पुलिस प्रेक्षक बनाकर गाजियाबाद भेजा है। प्रेक्षक अरुण कुमार सिन्हा का मोबाइल नम्बर-8178954809 है तथा प्रेक्षक अनिल कुमार का मोबाइल नम्बर-9821380968 है।

# डॉली शर्मा के कार्यालय का उद्घाटन आज, तैयारियों में जुटे कांग्रेसी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांग्रेस के चुनाव कार्यालय का आज मालीवाड़ा चौराहे पर विधिवत हवन पूजन के बाद उद्घाटन किया जाएगा। कार्यालय का फीता काटकर शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष अजय राय करेंगें।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज, वर्तमान महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने गाजियाबाद लोकसभा क्षेत्र की इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा के मुख्य चुनाव कार्यालय के उद्घाटन से पहले व्यापक तैयारियां पूर्ण कीं। नरेन्द्र भारद्वाज और विजय चौधरी के साथ अरविंद शर्मा, वीर सिंह चौधरी, विनीत अजवानी, ऋषि राणा भी कार्यालय उदघाटन की तैयारियों में दिन रात एक किये हुए हैं।

## विजय चौधरी केअध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में जोश



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कांग्रेस ने पार्टी के महानगर अध्यक्ष पद पर पुराने एवं कर्मठ कार्यकर्ता विजय चौधरी को जिम्मेदारी सौंपी है। उनके अध्यक्ष बनने से जहां कार्यकर्ताओं में जोश आ गया है वहीं डॉली शर्मा के चुनाव को भी मजबूती मिली है। विजय चौधरी कांग्रेस के टिकट पर मेयर का चुनाव लड़ चुके हैं। उनका अंदाज व्यवहारिक बताया जाता है, साथ ही सर्व समाज में उनकी मजबूत पकड़ बताई जाती है। यही वजह है कि उनके अध्यक्ष बनने के बाद उनके स्वागत का सिलसिला लगातार जारी है।

## पुलिस की शानदार वर्किंग से सकुशल घर लौटे पत्रकार कपिल शर्मा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दिल्ली एनसीआर वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के सदस्य एवं पत्रकार कपिल शर्मा गत 3 अप्रैल की दोपहर से अचानक लापता हो गए थे। जब देर रात तक वापस घर नहीं पहुंचे तब श्री शर्मा की पत्नी मीनाक्षी शर्मा ने दिल्ली एनसीआर वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के गाजियाबाद अध्यक्ष सैयद अली मेहंदी से फोन पर बात की।

आनन-फानन में डीसीपी नगर जोन, एसीपी नंदग्राम एवं एसएचओ थाना सिहानी गेट से संपर्क साधा गया। इस संबंध में पत्रकारों का एक प्रतिनिधिमंडल अधिकारियों से मिला और तत्काल पत्रकार को खोज निकलने का अनुरोध किया गया, पुलिस ने भी तत्काल इस संबंध में युद्ध स्तर पर कार्रवाई की और कपिल शर्मा को सकुशल बरामद कर लिया।

कपिल शर्मा ने बताया कि पारिवारिक समस्या के चलते वह अपने मित्र के घर बिना बताए चले गए थे उनके साथ किसी भी तरह की कोई वारदात नहीं हुई है। गौरतलब है कि पत्रकार अजय शर्मा, ममता सिंह, जुगनू गौतम,, रण सिंह, शमीमुद्दीन, अजय श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव, संजय शर्मा एवं गाजियाबाद इकाई के अध्यक्ष सैयद अली मेहंदी का पत्रकार कपिल शर्माको तलाश करने में विशेष सहयोग रहा।

# प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर संगठन गम्भीर, सभी की ज़िम्मेदारी तय: मानवेन्द्र सिंह





**गाज़ियाबाद (करंट क्राइम)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगामी 6अप्रैल को सांय 4 बजे अम्बेडकर रोड पर मालीवाड़ा चौक से चौधरी मोड़ तक होने वाले रोड शो को लेकर भाजपा संगठन पूरी तरह से गम्भीर है। बैठकों के दौर शुरू हो गये हैं, आज प्रत्याशी अतुल गर्ग के नवयुग मार्केट स्थित कार्यालय पर गाज़ियाबाद के प्रभारी मानवेन्द्र सिंह, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, ज़िला अध्यक्ष सत्यपाल प्रधान, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, क्षेत्रीय मन्त्री आशीष वत्स, पूर्व महापौर अशु वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को ज़िम्मेदारी तय करते हुए मार्गदर्शन किया।

महापौर सुनीता दयाल, विधायक अजीत पाल त्यागी, नन्दकिशोर गुर्जर, सहप्रभारी सुभाष भाटी, सभी महामंत्री, सभी मंडलों के अध्यक्ष व प्रभारी, नगर निगम के पार्षद, मंडल प्रभारी, पांचों विधान सभा संयोजक व प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि सभी को मिलकर प्रधानमंत्री के रोड शो को ऐतिहासिक बनाना है।

आज और कल भी रोड शो को सफल बनाने के लिए बैठकों का दौर जारी रहेगा।



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों का ये अंदाज उन्हे एक अलग पहचान देता है। सबका सम्मान और कार्यकर्ता भाव के साथ वो काम करते हैं। शहर विधायक अतुल गर्ग को बीजेपी लोकसभा उम्मीदवार घोषित करने के बाद वेदप्रकाश गर्ग खादी वालों ने उन्हें अंगवस्त्र ओढ़ा कर बधाई शुभकामनाएं दी।

## लोनी में थिनर पीने से डेढ़ साल के बच्चे की मौत, घर में रंगाई-पुताई का चल रहा था काम



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** लोनी थाना क्षेत्र प्रकाश विहार कॉलोनी में खेलते समय डेढ़ साल के बच्चे ने थिनर पी लिया। जिससे उसकी हालत खराब हो गई। परिजनों ने उसे तुंरत दिल्ली के सेंट स्टेपन अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल बच्चे की मौत के बाद से स्वजन का रो-रो कर बुरा हाल है। कासिमपुर अलीगढ़ के मूल निवासी अनिल कुमार अपनी पत्नी कविता, मां शकुंतला व डेढ़ वर्षीय पुत्र दक्ष के साथ प्रकाश विहार कॉलोनी में रहते हैं। वह निकट ही सिटी अस्पताल मे फार्मेसिस्ट हैं। उनके घर में रंगाई-पुताई का काम चल रहा था। घर के बाहर थे परिवारवाले जब परिवार के लोग बाहर थे और पत्नी कविता खाना बना रही थी, तभी मासूम बच्चा खेलते-खेलते कमरे में रखे थिनर को पी गया। इसके बाद उसकी हालत खराब हो गई। मां ने जब बच्चे को देखा तो रोते पीटते अस्पताल ले गई। हालत नाजुक देख उसे दिल्ली के अस्पताल सेंट स्टीफन ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।






**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पार्षद राजकुमार भाटी के जन्मदिन की खुशी को उनके साथियों ने साझा किया। मेयर सुनीता दयाल ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं दीं। मंडल के पदाधिकारियों ने राजकुमार भाटी के जन्मदिन पर उनके उत्तम स्वास्थ और यशस्वी जीवन की कामना करते हुए उन्हें बधाई शुभकामनाए दी।







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** खेल मैदान में हो तो ठीक लेकिन खेल अपनो के साथ नही होना चाहिए। जय सियाराम के साथ इस बात को प्राची शर्मा ने फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

